मस्जिद नवाब मुकीम खान,बंगाली पंजा, नागपुर




सहरी 05 : 08
इफ़्तार 06 : 27

हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, बुधवार, 12 मार्च 2025 | अंक 149/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या डायबिटीज से परेशान हो ?
डायबेटीज चेकअप करके
पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक
द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.
फोन 9112079000 / 8605245080
आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# मॉरिशस की मिट्टी में भारतीयों का खून-पसीना: पीएम मोदी

**पोर्ट लुईस.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉरिशस में भारतीय समुदाय को संबोधित कर रहे हैं। पीएम मोदी ने भोजपुरी से भाषण की शुरुआत की है। मॉरिशस की राजधानी पोर्ट लुईस में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'मैं 10 साल पहले इसी दिन मॉरीशस आया था।

यह होली के एक सप्ताह बाद था और मैं अपने साथ 'फगवा' की खुशी लेकर आया हूं। इस बार मैं होली के रंगों को अपने साथ भारत लेकर जाऊंगा।' यहां की हवा, मिट्टी और पानी में अपनेपन का एहसास, भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मॉरिशस की मिट्टी में भारतीयों का खून-पसीना मिला हुआ है।



पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें मॉरिशस में अपने लोगों के बीच होने का एहसास हुआ है। पीएम मोदी ने कहा, 'मैं जब मॉरीशस आता हूं, तो ऐसा लगता है कि अपनों के बीच ही तो आया हूं।

यहां की हवा, मिट्टी और पानी में अपनेपन का एहसास है। मॉरिशस में बसता है मिनी हिंदुस्तान, पीएम मोदी ने कहा कि भाषा-बोली, खान-पान के हिसाब से देखें तो मॉरिशस में मिनी हिंदुस्तान बसता है। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के साथ मॉरिशस का भावुक संबंध है। हम मिलकर बिहार को अपना गौरव वापस दिलाएंगे।

### मॉरीशस में पीएम मोदी का हुआ जोरदार स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉरीशस की दो दिवसीय यात्रा पर गए हैं। मॉरीशस पहुंचने पर पीएम मोदी का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को और मजबूत करना और दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है। पीएम मोदी का यह दौरा मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के निमंत्रण पर हो रहा है। वे इस यात्रा के दौरान मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भी शामिल होंगे। 12 मार्च को मॉरीशस अपना राष्ट्रीय दिवस मनाता है।

### मॉरिशस की सरकार ने पीएम मोदी को दिया सर्वोच्च सम्मान

पीएम मोदी ने कहा, 'मॉरिशस के लोगों ने यहां की सरकार ने मुझे अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का फैसला लिया है। मैं आपके निर्णय को विनम्रता से स्वीकार करता हूं। ये भारत और मॉरीशस के ऐतिहासिक रिश्तों का सम्मान है।

# जाफर एक्सप्रेस ट्रेन हाईजैक




### घटनास्थल पर भेजी गईं एंबुलेंस


घटना की अधिक जानकारी देते हुए बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर भारी गोलीबारी की खबरें हैं। आतंकियों ने जाफर एक्सप्रेस पर गोलीबारी की है। घटनास्थल पर एंबुलेंस भेज दी गई हैं। सिबी अस्पताल में भी इमरजेंसी लगा दी गई है।

**कच्छ (बोलन).**

पाकिस्तान से एक बड़ी खबर आ रही है। बलोच लिबरेशन आर्मी ने एक ट्रेन को हाईजैक कर लिया है। ट्रेन में 500 से अधिक यात्री सवार थे। पाकिस्तान सेना के एक्शन के विरोध में बलोच लिबरेशन आर्मी ने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक किया गया है। आरोपियों ने रेलवे ट्रैक पर विस्फोट कर ट्रेन को हाईजैक किया है। बंधकों में कई पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भी हैं। यात्रियों को बंधक बना लिया गया है। बीएलए और पाकिस्तानी आर्मी के बीच मुठभेड़ में 6 से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने की खबर है। ट्रेन हाइजैक की घटना कच्छ (बोलन) जिले के पिरोकनारी इलाके में हुई है। वर्तमान में ट्रेन एक सुरंग में खड़ी है। सूत्रों के अनुसार, यात्री ट्रेन क्वेटा से पेशावर जा रही थी।

तभी पटरी पर पहले विस्फोट की आवाज सुनी गई और फिर ट्रेन पर गोलीबारी शुरू हो गई। इसके बाद ट्रेन में मौजूद सुरक्षाकर्मियों और ट्रेन पर गोलीबारी करने वाले हथियारबंद लोगों के बीच मुठभेड़ होने लगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि जाफर एक्सप्रेस में 9 डिब्बे हैं। ट्रेन में 500 से ज्यादा यात्री सवार हैं। ट्रेन आज सुबह 9 बजे क्वेटा से रवाना हुई।

# उग्रवादी हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हुए: अमित शाह



**नई दिल्ली.**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित पूर्वोत्तर छात्र एवं युवा संसद को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तमाम मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सिर्फ 10 वर्षों में पूर्वोत्तर आज पूर्ण शांति का अनुभव कर रहा है, सिवाय मणिपुर में हुई हिंसा के। उन्होंने कहा, '2004 से 2014 तक हिंसा की कुल 11,000 घटनाएं हुईं और 2014 से 2024 तक 3,428 घटनाएं हुईं, यानी 70 प्रतिशत की कमी आई है। सुरक्षा बलों की मौतों की संख्या में भी 70 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले 10 वर्षों में नागरिकों की मौतों की संख्या में 89 प्रतिशत की कमी आई है।

हमारा पूर्वोत्तर आज शांति का अनुभव कर रहा उन्होंने कहा, 'हमारा पूर्वोत्तर आज शांति का अनुभव कर रहा है। चाहें वह मेघालय हो, अरुणाचल हो, असम हो, नागालैंड हो या मिजोरम हो, हमने सभी सशस्त्र समूहों के साथ समझौते किए हैं और 10,500 से अधिक उग्रवादी हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। हमारी सरकार ने 10 वर्षों में 12 महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। उन्होंने कहा, 'भाजपा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने पूर्वोत्तर और शेष भारत के बीच की दूरी को कम कर दिया है। 2027 तक पूर्वोत्तर की हर राजधानी ट्रेन, विमान और सड़क मार्ग से जुड़ जाएगी।

### मोदी सरकार ने नॉर्थ ईस्ट में शांति लाने का काम किया: शाह

उन्होंने कहा, 'जिस राज्य में शांति नहीं है, वहां विकास नहीं हो सकता और नरेंद्र मोदी की सरकार ने नॉर्थ ईस्ट में शांति लाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नॉर्थ ईस्ट के विकास के लिए बहुत बड़ा बजट दिया है। दस साल में प्रधानमंत्री ने नॉर्थ ईस्ट को अपना मानते हुए इसके विकास का इतना ध्यान रखा है कि उन्होंने तय किया है कि हर महीने कोई न कोई मंत्री नॉर्थ ईस्ट के किसी न किसी राज्य में रात्रि विश्राम करेगा। मैं आपको बताना चाहता हूं कि आजादी के बाद से अब तक सभी प्रधानमंत्रियों की नॉर्थ ईस्ट की यात्राओं की कुल संख्या असम को छोड़कर 21 है और अकेले नरेंद्र मोदी की नॉर्थ ईस्ट की यात्राओं की संख्या 78 है, जो दर्शाता है कि नॉर्थ ईस्ट को कितना महत्व दिया गया है।

# अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका


## दिल्ली की अदालत ने नई एफआईआर दर्ज करने का दिया आदेश



**नई दिल्ली.**

दिल्ली का चुनाव हारने के बाद अब अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। दिल्ली के राऊज एवेन्यु कोर्ट से केजरीवाल को बड़ा झटका लगा है। राऊज एवेन्यु कोर्ट ने केजरीवाल के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज करने की मांग को स्वीकार कर लिया है। कोर्ट में 2019 में दायर शिकायत में आरोप लगाया गया था कि केजरीवाल, पूर्व आप विधायक गुलाब सिंह और द्वारका की पार्षद रही नितिका शर्मा ने दिल्ली में विभिन्न जगहों पर बड़े आकार के होर्डिंग लगाकर जान बूझकर सार्वजनिक धन का दुरुपयोग किया। शिकायत में इन सब के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने की और आज कोर्ट ने इस शिकायत को स्वीकार करते हुए पुलिस को 18 मार्च तक आदेश पर अमल को लेकर रिपोर्ट देने को कहा है। बता दें कि अदालत का यह आदेश राष्ट्रीय राजधानी में 10 साल से अधिक समय तक शासन करने के बाद अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सत्ता से बेदखल किये जाने के कुछ सप्ताह बाद आया है, जिससे केजरीवाल की परेशानी एक बार फिर से बढ़ सकती है। पिछले सप्ताह दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आप सरकार द्वारा संचालित 'मोहल्ला क्लीनिक' में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन तथा पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर मुफ्त स्वास्थ्य सेवा के नाम पर 'भ्रष्टाचार की दुकानें' चलाने का आरोप लगाया था। सचदेवा की यह प्रतिक्रिया आप के वरिष्ठ नेता जैन द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिल्ली में भाजपा सरकार द्वारा 250 'मोहल्ला क्लीनिक' बंद करने की कथित योजना की कड़ी आलोचना करने के बाद आई है। उन्होंने इसे शहर के स्वास्थ्य सेवा ढांचे को 'पंगु' करने वाला कदम बताया था।

# अब प्रार्थनास्थल, मस्जिद पर ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ होगी कार्रवाई: सीएम फड़णवीस



**मुंबई.** विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने मुंबई सहित महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में मस्जिदों और पूजा स्थलों पर लाउडस्पीकर के कारण होने वाले ध्वनि प्रदूषण का मुद्दा उठाया। बॉम्बे हाई कोर्ट ने 25 जनवरी 2025 को आदेश दिया था कि मस्जिद और पूजा स्थल ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के नियमों का उल्लंघन नहीं करेंगे। लेकिन इस पर अमल नहीं हो रहा है, इस मुद्दे को बीजेपी विधायक देवयानी फरांडे ने आज विधानसभा में एक चौंकाने वाले सुझाव के जरिए उठाया. क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने भोंगा के खिलाफ जिस तरह कार्रवाई की है, उसी तरह राज्य सरकार भी कार्रवाई करेगी? यह सवाल विधायक फरांदे ने पूछा था. इस पर मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने विस्तार से जवाब दिया.



मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक किसी भी पूजा स्थल पर भोज लगाने से पहले अनुमति लेनी होगी. रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक भोंगा बंद रखा जाए। दिन में शोर की सीमा 55 डेसिबल और रात में सुबह 6 बजे से 10 बजे के बीच 44 डेसिबल होनी चाहिए। महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को केंद्रीय अधिनियम द्वारा यह अधिकार दिया गया है कि यदि शोर का स्तर कानून द्वारा आवश्यक डेसीबल से अधिक है तो वह कार्रवाई कर सकता है। फिलहाल कानून में प्रावधान है कि पुलिस को इसका संज्ञान लेना होगा और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सूचित करना होगा. हालाँकि, वर्तमान में इसे अपनाया नहीं जा रहा है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने आगे कहा कि किसी का भी अपहरण नहीं होने दिया जाएगा. एक निश्चित अवधि के बाद ही भोग लगाया जा सकता है। इसके बाद यदि वे दोबारा प्लांट लगाना चाहते हैं तो संबंधित को पुलिस से दोबारा अनुमति लेनी होगी। जहां शोर सीमा का उल्लंघन होगा, उन्हें दोबारा अनुमति नहीं दी जाएगी। भोंगा भी जब्त कर लिया जाएगा। साथ ही क्या इन नियमों का सख्ती से पालन किया जा रहा है या नहीं? इसे देखने की जिम्मेदारी पुलिस इंस्पेक्टर की होगी. मुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने लक्ष्वेधी पर जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि अगर पुलिस इंस्पेक्टर इसका ठीक से पालन नहीं करेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी.

# ओडिशा विधानसभा में बीजेपी-कांग्रेस विधायक भिड़े

**भुवनेश्वर.**

ओडिशा विधानसभा में मंगलवार को उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया जब सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी कांग्रेस के विधायक सदन में ही आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच हुई भिड़ंत इस कदर नियंत्रण से बाहर हो गई कि विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी को कार्यवाही अपराह्न तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। विधानसभा में उस समय तनाव बढ़ गया जब बीजेपी के वरिष्ठ विधायक जय नारायण मिश्रा, कांग्रेस विधायक ताराप्रसाद बहिनीपति की ओर बढ़े। ताराप्रसाद, शहरी विकास मंत्री के. सी. महापात्र के सामने खड़े थे और मंत्री किसी सवाल का जवाब दे रहे थे। 'अचानक मिश्रा आए और मेरा कॉलर पकड़ ली', कांग्रेस विधायक बहिनीपति ने सदन के बाहर कहा, 'मिश्रा ने मेरे शर्ट का कॉलर पकड़कर मुझे धक्का दिया। मैं मंत्री महापात्र से हाथ जोड़कर निवेदन कर रहा था कि जब सदन में व्यवस्था नहीं है तो वह जवाब न दें। लेकिन अचानक मिश्रा आए और मेरा कॉलर पकड़ ली।' बाद में, सत्ता पक्ष और कांग्रेस के अन्य सदस्यों के बीच भी धक्का-मुक्की शुरू हो गई जिसके बाद अध्यक्ष पाढ़ी ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। सदन में जबरदस्त हंगामा हुआ और बीजेपी एवं कांग्रेस के विधायक एक-दूसरे को धक्का देते दिखे। बीजू जनता दल के सदस्य भी उसी जगह मौजूद थे, लेकिन वे इससे दूर रहे। विपक्षी बीजेडी और कांग्रेस विधायकों ने अलग-अलग मुद्दे उठाए। बीजू जनता दल के विधायकों ने मिश्रा की उस टिप्पणी पर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से बयान देने की मांग की जिसमें मित्रा ने 1936 में तत्कालीन कोसल के ओडिशा में विलय को 'ऐतिहासिक गलती' करार दिया था.



# केंद्र ने जम्मू-कश्मीर के दो संगठनों को किया बैन

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के दो संगठनों अवामी एक्शन कमेटी और जम्मू-कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके लिए गृह मंत्रालय की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर स्थित अवामी एक्शन कमेटी को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत तत्काल प्रभाव से एक गैरकानूनी संगठन घोषित किया है। केंद्र सरकार ने एएमसी और जम्मू-कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन दोनों संगठन को अगले पांच सालों के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। गृह मंत्रालय ने आरोप लगाया कि इसके सदस्य केंद्र शासित प्रदेश में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए आतंकवादी गतिविधियों और भारत विरोधी प्रचार में शामिल रहे हैं।

# ट्रेन ने 100 मीटर तक एंबुलेंस को घसीटा



**सिकरपाई.** ओड़िशा के रायगढ़ा-मलकानगिरी - कोरापुट रेल लाइन पर सोमवार को बड़ा हादसा होते-होते रह गया। जानकारी के अनुसार, यहां सिकरपाई और भालुमास्का स्टेशनों के बीच एक मालगाड़ी ने एक एंबुलेंस को टक्कर मार दी। इसके बाद भी ट्रेन नहीं रुकी और करीब 100 मीटर तक एंबुलेंस की घसीट दिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि एंबुलेंस में आठ मरीज आंख की सर्जरी के लिए जा रहे थे। इसी बीच एंबुलेंस ट्रैक पर फंस गई, तभी ट्रेन आ गई और ये हादसा हो गया। जानकारी के मुताबिक, एक निजी आई हॉस्पिटल की एंबुलेंस में आठ मरीज सवार थे। ये सभी सिकरपाई पंचायत के कनिपाई, कंजम जोड़ी, झकुडू, बेटालंग और चक्रकलंग गांवों से आए थे। सभी मरीज अनंता आई हॉस्पिटल में आंखों की सर्जरी के लिए जा रहे थे। उनके साथ एक आशा कार्यकर्ता भी मौजूद थीं। रास्ते में एंबुलेंस रेलवे ट्रैक पर फंस गई। इसी बीच, ट्रैक पर एक मालगाड़ी आ गई और एंबुलेंस को घसीटते हुए करीब 100 मीटर तक ले गई। हालांकि सतर्क लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी.

# हम सब भारत मां के लाल, भेदभाव का नहीं कोई सवाल: शिवराज

**नई दिल्ली.**



लोकसभा में मंगलवार को तमिलनाडु के एक सांसद ने केंद्रीय कृषि मंत्रालय से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को लेकर सवाल किया था। इस प्रश्न के जवाब में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मैं तमिलनाडु सरकार से आग्रह करता हूं कि अगर कोई पात्र हितग्राही पीएम किसान सम्मान निधि योजना से वंचित है तो उनकी सूची पोर्टल पर अपडेट करें। उनके नाम निश्चित रूप से जोड़े जायेंगे। तमिलनाडु में ऐसे लगभग 14 हजार किसान हैं; राज्य सरकार छानबीन कर सूची भेजे, मैं आश्वस्त करता हूं कि यहां से 1 दिन की भी देरी नहीं होगी। बता दें कि डीएमके सांसदों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार तमिलनाडु के किसानों के साथ अन्याय कर रही है और भुगतान में देरी हो रही है। वहीं, कृषि मंत्री ने साफ किया कि देरी राज्य सरकार की तरफ से हो रही है क्योंकि 14,000 किसानों की जांच अभी तक पूरी नहीं हुई है।

तमिलनाडु के मंत्रियों की गैरहाजिरी का सुनाया किस्सा, केंद्रीय मंत्री ने हाथ जोड़ते हुए कहा, "मैं खुद दो बार तमिलनाडु गया हूं, एक बार कृषि विभाग के काम से और एक बार ग्रामीण विकास के काम से। अब मैं कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं लेकिन दोनों ही मौकों पर न तो ग्रामीण विकास मंत्री और न ही कृषि मंत्री मेरी मीटिंग में आए। मैं अनुरोध करना चाहता हूं कि केंद्र सरकार लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम तमिलनाडु की महान जनता को नमन करते हैं, तमिल संस्कृति को नमन करते हैं, तमिल भाषा को नमन करते हैं, हम सब भारत माता के बेटे हैं, भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। हम विनम्रता के साथ तमिलनाडु की जनता और किसानों की सेवा करेंगे।

उन्होंने कहा, ''प्रत्येक पात्र किसान को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिले, इसके लिए हमने कई उपाय किए हैं। हमने पीएम किसान पोर्टल और मोबाइल एप विकसित किया है। साथ ही पात्र किसानों को जोड़ने के लिए 3 अभियान भी चलाए हैं। चौथा अभियान हम 15 अप्रैल से पुनः प्रारंभ करेंगे ताकि कोई पात्र किसान शेष न रहे।''

'पीएम मोदी ने छोटे किसानों के दर्द को पहचाना', शिवराज ने कहा, ''कई बार जब छोटे किसान को अपनी कृषि संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए धन की आवश्यकता पड़ती थी, तो उनके पास पैसा नहीं होता था। खाद, बीज के लिए हजार-दो हजार रुपये भी ब्याज पर लेना पड़ता था। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छोटे किसान के इस दर्द को पहचाना और उन्होंने तय किया कि ऐसे सभी किसानों के खाते में 'पीएम किसान सम्मान निधि' के अंतर्गत हर साल तीन किस्तों में दो-दो हजार रुपए डाले जाएंगे।

### सिंगल क्लिक से किसानों के खाते में पहुंचती है पूरी राशि

उन्होंने कहा, एक प्रधानमंत्री थे जो कहते थे कि 1 रुपये भेजता हूं तो केवल 15 पैसे पहुंचते हैं लेकिन ये मोदी जी की सरकार है। हमने तय किया कि 'पीएम किसान सम्मान निधि' के तहत 2-2 हजार रुपए की 3 किस्तें जाएंगी तो पूरा 6 हजार रुपये ही पहुंचेगा, इस योजना का एक पैसा कोई नहीं खा सकता। इसलिए डीबीटी के माध्यम से सिंगल क्लिक से पूरी राशि किसानों के खाते में पहुंचती है। पीएम किसान सम्मान निधि' के तहत हर पात्र किसान को इस योजना का लाभ मिले, इसके लिए हम राज्य सरकारों के सहयोग से ही सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ देने के लिए अभियान चलाते हैं। आज भी मैं सभी राज्य सरकारों से ये निवेदन करना चाहता हूं कि अगर अब भी उनके राज्य में कोई पात्र हितग्राही शेष रह गया हो, तो वो तुरंत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाएं, एक भी पात्र किसान शेष नहीं बचेगा, सबके खाते में पैसे भेजे जाएंगे।

# भारत में उर्वरक के निर्माण और आयात में मिली बड़ी सफलता

## > स्वदेशी जल में घुलनशील उर्वरक तकनीकी का किया विकास




**नागपुर.**

नागपुर स्थित एक शोध एवं विकास कंपनी ने जल में घुलनशील उर्वरक (डब्ल्यूएसएफ) के निर्माण के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित की है, जिससे भारत को उर्वरक के आयात में बड़ी सफलता मिली है। इस नवाचार से भारत की आयात पर निर्भरता कम होने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र को भी एक स्थिर और आत्मनिर्भर उर्वरक पारिस्थितिकी तंत्र की ओर बढ़ने का अवसर मिलेगा।

वित्त वर्ष 2023-24 में, भारत ने 2,000 करोड़ रुपये मूल्य के 3.5 लाख टन डब्ल्यूएसएफ का आयात किया, जिसमें से लगभग 90% विदेशी स्रोतों से, विशेषकर चीन से आया। लेकिन अब स्वदेशी डब्ल्यूएसएफ का व्यवसायिक उत्पादन शुरू होने के साथ, देश ने कृषि उत्पादकता और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए इस निर्भरता को कम करने में सफलता प्राप्त की है।इस सफलता ने किसानों के लिए भी सकारात्मक परिणाम दिए हैं। डब्ल्यूएसएफ का उपयोग करने वाले किसानों ने यूरिया और डीएपी जैसे पारंपरिक उर्वरकों पर अपनी निर्भरता को 30-90% तक कम किया है। इससे कृषि अधिक कुशल, फसल अवशेष मुक्त और पर्यावरणीय दृष्टि से टिकाऊ हो गई है। हालांकि,डब्ल्यूएसएफ की सीमित उपलब्धता ने कुछ किसानों को पारंपरिक उर्वरकों पर लौटने के लिए मजबूर किया, जिससे उनकी लागत बढ़ी और उपज में असंगतता आई।

अब, जब स्वदेशी डब्ल्यूएसएफ का उत्पादन बढ़ेगा, तो यह केवल किसानों के लिए लागत को कम करेगा, बल्कि यह भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को भी बचाएगा। यह विकास भारतीय कृषि आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बनाता है और टिकाऊ कृषि प्रथाओं का समर्थन करता है।

> कृषि उत्पादकता और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए इस निर्भरता को कम करने में सफलता प्राप्त की है, घुलनशील उर्वरक उद्योग संघ ने इस सफलता को महत्वपूर्ण बताया,यह कृषि क्षेत्र के लिए एक बहुत बड़ा कदम है, जो न केवल देश के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य करेगा बल्कि यह देश क लिए एक मजबूत प्रयास साबित होगा,जो पर्यावरणीय दृष्टि से भी बेहद सकारात्मक साबित होगा।
> **(राजीव चक्रवर्ती)**
> **एसएफआईए राष्ट्रीय अध्यक्ष.**

# एचडीएफसी बैंक ने वायु सेना के साथ 'प्रोजेक्ट एचएकेके' लॉन्च किया




**नई दिल्ली.**

एचडीएफसी बैंक ने भारतीय वायु सेना और सीएससी अकादमी के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत 'प्रोजेक्ट एचएकेके' (हवाई अनुभव कल्याण केंद्र) की शुरुआत की गई है। यह पहल भारतीय वायुसेना के वेटरन्स और उनके परिवारों के लिए वित्तीय समावेशन और कल्याण सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से बनाई गई है।'प्रोजेक्ट एचएकेके' का उद्देश्य रक्षा पेंशनभोगियों और दिग्गजों को सहायता प्रदान करना

इस प्रोजेक्ट के तहत, एचडीएफसी बैंक और सीएससी अकादमी वायु सेना के 25 केंद्रों पर सेवा प्रदान करेंगे, जिसमें नई दिल्ली, बेंगलुरु, गुड़गांव, पुणे, सिकंदराबाद, गुवाहाटी, जोधपुर और चंडीगढ़ शामिल हैं। यह केंद्र वेटरन्स और उनके परिवारों को आवश्यक बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय उत्पादों के बारे में जानकारी और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

एचडीएफसी बैंक का यह पहल अपने परिवर्तन कार्यक्रम के तहत, रक्षा सेवा के वेटरन्स और उनके परिजनों को वित्तीय समावेशन में मदद करने का उद्देश्य रखता है। बैंक सीएससी अकादमी के साथ मिलकर वित्तीय शिक्षा और कौशल विकास प्रदान करेगा, जिससे वे वित्तीय रूप से स्वतंत्र हो सकेंगे।रक्षा कर्मी और उनके परिवार 500 से अधिक सरकारी और निजी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे, जैसे आधार सेवा, एनपीएस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, बिल भुगतान आदि। इसके अलावा, पेंशन और निपटान संबंधी मुद्दों पर सहायता प्राप्त करने के लिए सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे, और उन्हें एचडीएफसी बैंक के डिजिटल बैंकिंग उत्पादों तक भी पहुंच प्रदान की जाएगी।इस समझौते के तहत, बैंक देश भर में रक्षा कर्मियों और उनके परिवारों के लिए सहायता नेटवर्क स्थापित करेगा, जिससे उन्हें आसान और सुविधाजनक सेवाएं मिल सकेंगी।

# कैस्ट्रॉल इंडिया ने लॉन्च किया गर्मी में भी 3 एक्स प्रोटेक्शन कैंपेन

**मुंबई.**

कैस्ट्रॉल इंडिया ने अपने टू-व्हीलर इंजन ऑयल ब्रांड कैस्ट्रॉल एक्टिव को फिर से लॉन्च करते हुए गर्मी में भी 3 एक्स प्रोटेक्शन नामक मार्केटिंग कैंपेन पेश किया है। इस कैंपेन के तहत शाहरुख खान को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है, जो एक पुलिसवाले के रूप में राजस्थान के तपते रेगिस्तान में अपराधियों का पीछा करते नजर आते हैं। टीवी विज्ञापन में दिखाया गया है कि कैसे कैस्ट्रॉल एक्टिव इंजन ऑयल गर्मी में भी इंजन को ओवरहीटिंग से बचाकर गाड़ी को लगातार चलाता रहता है, जबकि सामान्य इंजन ऑयल से चलने वाली बाइक रुक जाती है।

यह कैंपेन 10 भाषाओं में लॉन्च किया गया है और इसे टीवी, डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया और आउटडोर प्रचार के जरिए व्यापक रूप से प्रचारित किया जाएगा। इसके साथ ही, देशभर के 40 शहरों में "बादशाह मैकेनिक जलसा" आयोजित किया जाएगा, जिसमें 30,000 से अधिक मैकेनिक्स को जोड़ा जाएगा।कैस्ट्रॉल एक्टिव के अपग्रेडेड पैकेजिंग में शाहरुख खान भी नजर आएंगे।




शाहरुख खान ने कहा, ''गर्मी में बहुत परेशानी होती है, चाहे आप स्क्रीन पर अपराधियों का पीछा कर रहे हों या असली जिंदगी में ट्रैफिक में फंसे हों। कैस्ट्रोल एक्टिव का 3X प्रोटेक्शन इंजन को ठंडा रखता है और बिना किसी मुश्किल के बाइक को चलने देता है। मैं इस कैंपेन के लिए कैस्ट्रॉल के साथ काम करके बहुत खुश हूं, क्योंकि यह विज्ञापन भारत के सभी बाइक चलाने वालों को पसंद आएगा।''

# इंडसइंड बैंक के शेयर में लगा लोअर सर्किट

## > 2000 करोड़ घटी बैंक की संपत्ति




**नई दिल्ली.**

शेयर बाजार में बैंकिंग सेक्टर में भूचाल आया हुआ है. इंडसइंड बैंक के शेयर 20% गिरकर लोअर सर्किट पर बंद हो गए हैं. इस बड़ी गिरावट से इंडसइंड बैंक की नेटवर्थ में 1600 से 2000 करोड़ रुपए की गिरावट आई है. आपको बता दें पिछले 52 हफ्ते में इंडसइंड बैंक के शेयर अपने निचले स्तर पर पहुंच गए हैं. इससे पहले मार्च 2020 में इंडसइंड बैंक के शेयर में गिरावट देखी गई थी.

इंडसइंड बैंक ने हाल में दिसंबर 2024 तक लोन लेने वाले कस्टमर का इंटरनल सर्वे किया है और इस सर्वे की रिपोर्ट को 10 मार्च को एक्सचेंज में फाइल किया है. जिसके बाद से इंडसइंड बैंक की नेटवर्थ करीब 2.35% गिर गई है. आपको बता दें इंडसइंड बैंक के प्रमोटर हिंदुजा ग्रुप के अंतर्गत आने वाली इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड ने अपनी चौथी तिमाही या अगले फाइनेंशियल ईयर तक हुए नुकसान को कवर करने की प्लानिंग बनाई है.इंडसइंड बैंक ने ये इंटरनल सर्वे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सितंबर 2023 में जारी किए गए लोन डेरिवेटिव पोर्टफोलियो पर जारी सर्कुलर के बाद किया गया है. इस इंटरनल सर्वे में "अन्य परिसंपत्ति और अन्य लायबिलिटी" अकाउंट की जांच की गई है और डिस्पीरियंस अकाउंट बैलेंस की पहचान की गई है. आपको बता दें RBI के मास्टर डायरेक्शन के अनुसार कमर्शियल बैंक को 1 अप्रैल 2024 से वैल्यूएशन और ऑपरेशन इंवेस्टमेंट की जांच करनी है.

एक्सचेंज फाइलिंग में इंडसइंड बैंक की इंटरनल सर्वे रिपोर्ट में बताया गया है कि दिसंबर 2024 तक बैंक की कुल संपत्ति पर 2.35% का प्रतिकूल असर पड़ने का अनुमान है. इसके साथ ही इंडसइंड बैंक ने रिव्यू और सर्वे के लिए समानांतर एक्सटर्नल एजेंसी भी अपॉइंट की हैं, जिनकी फाइनल रिपोर्ट के आने का फिलहाल इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद बैंक किसी नतीजे पर पहुंचेगा. हालांकि इंडसइंड बैंक ने कहा कि उसका प्रॉफिट और कैपिटल हेल्थ बेहतर है. साथ ही बैंक के बोर्ड ने 10 मार्च को मार्केट क्लोज होने के बाद एक्सचेंज फाइलिंग की.

# भारत में गोल्ड स्मगलिंग की बढ़ रही घटनाएं

**नई दिल्ली.**

भारत में गोल्ड स्मगलिंग से जुड़ा एक मामला सामने आया है, जिसने पूरे देश में सनसनी मचा दी है. कन्नड अभिनेत्री रान्या राव को सोने की तस्करी करते हुए पकड़ा गया. वह विदेश से सोना ला रही थी. बेंगलुरु एयरपोर्ट पर उन्हें 14 किलो 800 ग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया गया. इसी के साथ देश में एक बार फिर गोल्ड स्मगलिंग को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं. आइए समझते हैं कि गोल्ड स्मलिंग से सरकारी खजाने पर क्या असर पड़ता है.गोल्डस्मगलिंगको लेकर आए दिन खबरें आती रहती हैं. विदेशों से लोग सोना लेकर आते हैं और भारत में उसे बेच देते हैं. ज्यादातर जिन लोगों को पकड़ा जाता है. वह दुबई से अवैध तरीके से सोना लेकर आते हैं. क्योंकि दुबई के मार्केट में सोना सस्ते दामों मिल जाता है और भारत में सोने की कीमतें वहां से ज्यादा हैं. भारत में सोने की तस्करी एक बड़ा मुद्दा है, जिससे सरकारी खजाने को हर साल अरबों रुपये का घाटा होता है.

सोने की तस्करी करने से सरकारी खजाने को हर साल अरबों रुपये का घाटा होता है. यह घाटा इसलिए होता है क्योंकि सोने की तस्करी करने वाले लोग सोने को विदेशों से तस्करी करके भारत में लाते हैं और फिर इसे बाजार में बेचते हैं. इससे सरकार को सोने की बिक्री पर लगने वाले टैक्स यानी कस्टम ड्यूटी की राशि नहीं मिलती है.

अगर सोने की तस्करी बढ़ती है, तो उसका असर देश के गोल्ड रिजर्व पर कैसे पड़ता है. इसको आइए आसान भाषा में समझते हैं. जैसे किसी देश से कोई अवैध तरीके से सोना लेकर आता है, तो उसका कोई लेखा-जोखा नहीं रहता था, इससे मार्केट में सोने की कीमतों पर असर पड़ता है. इसके अलावा देश को उतने सोने के दाम पर कोई टैक्स नहीं मिलता है, जिससे सरकारी खजाने में घाटा होता है.

# बिटकॉइन की कीमत में भारी गिरावट



**नई दिल्ली.**शेयर बाजार की तरह ही क्रिप्टोकरेंसी का मार्केट भी लगातार धराशाई हो रहा है. अगर बात दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी की करें तो बिटकॉइन की कीमत में 50 दिनों में करीब 32,500 डॉलर यानी 30 फीसदी की गिरावट देखने को मिल चुकी है. अगर इस नुकसान को रुपयों में कैलकुलेट करें तो एक बिटकॉइन पर निवेशकों को 50 दिनों में 28 लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान हो चुका है. अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि जिस डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के दिन बिटकॉइन 1.09 लाख डॉलर के पार चला गया था, वो मौजूदा समय में 76 हजार डॉलर के लेवल पर कैसे पहुंच गया? बिटकॉइन डोनाल्ड ट्रंप की जिस साख और रसूख को साथ लेकर चल रहा था, वो लगातार क्यों गिरती जा रही है? आइए आंकड़ों से समझने कोशिश करते हैं कि आखिर बिटकॉइन और दुनिया की बाकी क्रिप्टोकरेंसी में किस तरह की गिरावट देखने को मिल रही है? दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी में बिटकॉइन की साख में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है. आंकड़ों को देखें तो 20 जनवरी यानी अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण के दिन बिटकॉइन की कीमत 1,09,114.88 डॉलर के साथ रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया था. जिसके बाद बिटकॉइन की कीमत में लगातार

# बदलते मौसम से प्रभावित हुआ लुधियाना का होजरी उद्योग

**नई दिल्ली.**

बदलते मौसम का असर अब कारोबार पर दिखाई दे रहा है। काफी कारोबारी अपना कारोबार बदलने को मजबूर हो रहे हैं। बदलते मौसम के कारण लुधियाना का होजरी और विंटर वियर उद्योग मुश्किल में है। सर्दी का मौसम छोटा होने से व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है। जो व्यापारी सर्दियों के लिए गर्म कपड़े बनाते हैं, उनमें से अब ज्यादातर टी-शर्ट बनाने लगे हैं।

मौसम में बदलाव के कारण ठंड के दिन कम हो गए हैं। दुकानदार और कारखाने वाले अपना माल बेचने के लिए जूझ रहे हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है और बाजार में अनिश्चितता का माहौल है। यहां के व्यापारी पूरे भारत में स्वेटर, जैकेट, थर्मल और ऊनी कपड़े बेचते हैं। इस साल कमजोर सर्दी ने होजरी बाजार को बुरी तरह प्रभावित किया है। कई कंपनियों को अपने प्रोडक्ट बेचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। काफी कारोबारी जो अपने प्रोडक्ट बेच रहे हैं, उन्हें मुनाफे के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।



बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक सर्दी कम और गर्मियां ज्यादा होने के कारण लुधियाना के कई कारोबारियों ने अपना काम बदल लिया है। लुधियाना के कपड़ा व्यापारी नितिन गोयल का परिवार 5 दशक से जैकेट, स्वेटर और स्वेटशर्ट बनाता रहा है। लेकिन इस साल गर्मी जल्दी आ गई। इस वजह से उनका काम ठप पड़ गया है। उन्हें अपना काम बदलना पड़ रहा है। अब वह स्वेटर की जगह टी-शर्ट बना रहे हैं।

ऐसा नहीं है कि मौसम की मार सिर्फ कपड़ों के कारोबार पर ही पड़ी है। फल, सब्जियों और अनाज उगाने वाले किसानों और इनका कारोबार करने वालों पर भी इसका असर देखा जा रहा है।

# जयराम रमेश ने मंदिरों से जीएसटी की मांग पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली.**

आमतौर पर चाय की दुकान पर मंदिर की आमदनी और उनकी संपत्ति पर होने वाली चर्चा में आखिर में निष्कर्ष निकलता है कि, मंदिर और मठों पर कोई टैक्स नहीं लगता और इनकी आमदनी टैक्स फ्री होती है. ऐसा नहीं है जब तो बिलकुल नहीं है कि मंदिरों को जीएसटी भुगतान के नोटिस भेजे जा रहे हो. मनी कंट्रोल की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत का सबसे अमीर ट्रस्ट तिरुमला तिरुपति देवस्थानम फाइनेंशियल ईयर 2024-25 में अपनी 4,774 करोड़ रुपए की वार्षिक आय पर 1.5 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करेगा.नवंबर 2024 में, देश के सबसे अमीर मंदिरों में से एक तिरुवनंतपुरम के पद्मनाभस्वामी मंदिर को पेंडिंग टैक्स के पेमेंट को लेकर नोटिस भेजा गया. मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि सात साल की अवधि के लिए 1.57 करोड़ रुपए जीएसटी टैक्स की मांग की गई थी, जबकि मंदिर ने अकेले 2014 में 700 करोड़ रुपए कमाए हैं.



जम्मू के कटरा में वैष्णो देवी, एक और समृद्ध मंदिर, ने वित्त वर्ष 24 में 683 करोड़ रुपए कमाए, जिसमें से 255 करोड़ रुपए चढ़ावे से आए, जो कर-मुक्त हैं और 133.3 करोड़ रुपए ब्याज से आए. टीटीडी के मामले में, 4,800 करोड़ रुपए की कमाई में से एक तिहाई से ज़्यादा हुंडी संग्रह से आए. जीएसटी के संदर्भ में कर देयता, वित्त वर्ष 21 से पांच वर्षों में लगभग 130 करोड़ रुपये रही है.मंदिर कितना कमाते हैं? जबकि मंदिरों के विस्तृत खाते उपलब्ध नहीं हैं, भारत के दो सबसे बड़े मंदिर ट्रस्टों की कमाई पिछले सात वर्षों में दोगुनी हो गई है. तिरुपति ट्रस्ट की वेबसाइट के अनुसार, वित्त वर्ष 2017 में इसका बजट 2,678 करोड़ रुपए था, जो वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 5,145 करोड़ रुपए हो गया. वैष्णो देवी ट्रस्ट की आय वित्त वर्ष 2017 में 380 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 683 करोड़ रुपए हो गई है.

> **आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है**
> मंदिरों पर जीएसटी लगाने के दावों पर विवाद छिड़ गया है, विपक्षी पार्टी कांग्रेस भाजपा पर हमलावर हो गई है और दोनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है. बीते हफ्ते कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक छपी खबर की ओर इशारा किया, जिसमें दावा किया गया था कि मंदिरों से जीएसटी का भुगतान करने के लिए कहा जा रहा है.


महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र पद्मिनी विकली लॉटरी — सोडत दर मंगळवारी — तिकीट किंमत रु. 50/- — सोडत क्र. 10 — सोडत दिनांक 11/03/2025

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख — PM-01 : 4487 — ओम गं गणपतेय नमः लॉटरी - पुणे, प्रिन्स एजन्सी - मुंबई यांचा मार्फत

उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- — पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी 4487 — महावीर लॉटरी सेंटर - कोल्हापूर

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| बक्षिस | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1657 | 1833 | 3474 | 5067 | 5803 | 6744 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1293 | 2096 | 4374 | 5661 | 6547 | 6770 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1954 | 2836 | 3169 | 3380 | 4264 | 5225 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 3125 | 3354 | 3911 | 4420 | 4891 | 5407 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी) — रु.100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1826 | 2285 | 2891 | 3253 | 3562 | 3935 | 4348 | 4732 | 5127 | 5666 | 6217 | 6627 |
| | | 1873 | 2287 | 2892 | 3255 | 3572 | 3965 | 4354 | 4736 | 5153 | 5672 | 6226 | 6635 |
| 1009 | 1305 | 1878 | 2288 | 2898 | 3283 | 3573 | 3977 | 4389 | 4745 | 5177 | 5685 | 6242 | 6638 |
| 1017 | 1339 | 1885 | 2294 | 2902 | 3289 | 3590 | 3979 | 4394 | 4746 | 5178 | 5687 | 6260 | 6651 |
| 1025 | 1346 | 1887 | 2307 | 2907 | 3293 | 3593 | 3983 | 4407 | 4748 | 5186 | 5721 | 6262 | 6663 |
| 1060 | 1378 | 1892 | 2312 | 2915 | 3312 | 3594 | 3984 | 4424 | 4754 | 5207 | 5748 | 6268 | 6668 |
| 1070 | 1402 | 1910 | 2319 | 2920 | 3315 | 3597 | 3986 | 4426 | 4773 | 5215 | 5752 | 6282 | 6671 |
| 1075 | 1416 | 1914 | 2340 | 2923 | 3317 | 3603 | 4000 | 4428 | 4774 | 5220 | 5753 | 6300 | 6676 |
| 1090 | 1419 | 1924 | 2388 | 2925 | 3320 | 3605 | 4041 | 4433 | 4807 | 5225 | 5758 | 6321 | 6680 |
| 1094 | 1429 | 1986 | 2392 | 2940 | 3329 | 3606 | 4043 | 4434 | 4812 | 5246 | 5780 | 6329 | 6682 |
| 1096 | 1471 | 1996 | 2431 | 2962 | 3336 | 3652 | 4044 | 4450 | 4825 | 5250 | 5818 | 6343 | 6683 |
| 1105 | 1477 | 2006 | 2460 | 2976 | 3343 | 3653 | 4046 | 4456 | 4827 | 5325 | 5821 | 6357 | 6686 |
| 1108 | 1481 | 2013 | 2461 | 2987 | 3350 | 3683 | 4049 | 4457 | 4840 | 5331 | 5839 | 6377 | 6689 |
| 1111 | 1488 | 2020 | 2546 | 3013 | 3357 | 3703 | 4053 | 4463 | 4842 | 5337 | 5874 | 6384 | 6706 |
| 1119 | 1499 | 2025 | 2550 | 3014 | 3366 | 3720 | 4106 | 4474 | 4844 | 5341 | 5895 | 6390 | 6730 |
| 1122 | 1511 | 2029 | 2602 | 3025 | 3369 | 3737 | 4140 | 4480 | 4845 | 5342 | 5943 | 6396 | 6746 |
| 1124 | 1535 | 2042 | 2616 | 3027 | 3377 | 3758 | 4145 | 4484 | 4846 | 5351 | 5944 | 6407 | 6750 |
| 1130 | 1590 | 2069 | 2624 | 3031 | 3388 | 3765 | 4156 | 4487 | 4856 | 5357 | 5975 | 6419 | 6764 |
| 1132 | 1622 | 2087 | 2626 | 3052 | 3394 | 3766 | 4160 | 4504 | 4873 | 5435 | 5978 | 6447 | 6776 |
| 1139 | 1628 | 2123 | 2633 | 3057 | 3397 | 3779 | 4174 | 4525 | 4897 | 5454 | 5985 | 6514 | 6792 |
| 1143 | 1629 | 2124 | 2654 | 3073 | 3401 | 3782 | 4191 | 4552 | 4904 | 5487 | 5991 | 6520 | 6809 |
| 1153 | 1634 | 2161 | 2682 | 3088 | 3420 | 3783 | 4208 | 4572 | 4906 | 5491 | 5996 | 6538 | 6815 |
| 1156 | 1638 | 2177 | 2693 | 3093 | 3427 | 3793 | 4236 | 4599 | 4922 | 5498 | 6056 | 6560 | 6827 |
| 1157 | 1641 | 2204 | 2694 | 3098 | 3472 | 3814 | 4239 | 4605 | 4924 | 5513 | 6060 | 6562 | 6857 |
| 1159 | 1654 | 2217 | 2712 | 3111 | 3478 | 3820 | 4241 | 4608 | 4942 | 5514 | 6068 | 6564 | 6860 |
| 1179 | 1664 | 2222 | 2731 | 3126 | 3487 | 3823 | 4255 | 4609 | 4943 | 5532 | 6077 | 6569 | 6866 |
| 1187 | 1672 | 2226 | 2735 | 3161 | 3500 | 3830 | 4274 | 4625 | 4948 | 5541 | 6084 | 6575 | 6869 |
| 1189 | 1709 | 2230 | 2740 | 3176 | 3515 | 3837 | 4294 | 4627 | 4951 | 5546 | 6085 | 6579 | 6892 |
| 1190 | 1714 | 2240 | 2760 | 3180 | 3519 | 3853 | 4298 | 4645 | 4994 | 5552 | 6090 | 6593 | 6896 |
| 1227 | 1716 | 2246 | 2787 | 3182 | 3535 | 3857 | 4310 | 4651 | 5003 | 5562 | 6099 | 6596 | 6913 |
| 1236 | 1718 | 2248 | 2820 | 3192 | 3536 | 3863 | 4313 | 4652 | 5025 | 5574 | 6120 | 6600 | 6919 |
| 1247 | 1741 | 2258 | 2825 | 3194 | 3539 | 3864 | 4329 | 4673 | 5056 | 5577 | 6131 | 6606 | 6947 |
| 1263 | 1755 | 2270 | 2847 | 3213 | 3540 | 3870 | 4332 | 4709 | 5057 | 5587 | 6157 | 6607 | 6950 |
| 1272 | 1782 | 2273 | 2852 | 3227 | 3544 | 3873 | 4338 | 4712 | 5071 | 5595 | 6199 | 6610 | 6962 |
| 1280 | 1790 | 2276 | 2862 | 3233 | 3549 | 3911 | 4339 | 4719 | 5072 | 5613 | 6206 | 6617 | 6967 |
| 1290 | 1809 | 2279 | 2887 | 3252 | 3559 | 3922 | 4346 | 4724 | 5083 | 5630 | 6207 | 6625 | 6986 |

महाराष्ट्र गुढीपाडवा भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 29/03/2025 — पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 1 करोड (रु. 50 लाखाची 2 बक्षिसे) — प्रोत्साहनपर बक्षिसे ₹ 8 लाख — दुसरे बक्षिस रु. ₹ 10 लाख — ₹200/-

पद्मिनी — सोडत दिनांक 11/03/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. — प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : /princeagencymah : /princeagencypl : /princeagencymah



निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — गणेशलक्ष्मी शुभ विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 5:00

सोडत दर मंगळवार • सोडत क्रमांक 10 • तिकीट किं. रु. 10/- • सोडत दिनांक 11/03/2025

पहिले बक्षिस रु. 10000/- — MG-00 : 6686

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 2938

तिसरे बक्षिस रु. 1000/- — 2738 | 3556 | 3711 | 4430 (ओम गं गणपतेय नमः लॉटरी - पुणे) | 5477 (रुखमणी एन्टरप्रायझेस, औरंगाबाद)

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी) — चौथे बक्षिस रु. 400/-

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1381 | 2567 | 3483 | 4209 | 4493 | 5825 | 6649 | 7996 |
| 1013 | 1861 | 2702 | 3626 | 4226 | 4525 | 5970 | 6732 | 7999 |
| 1090 | 2082 | 2759 | 3813 | 4244 | 4754 | 6276 | 7078 | 8057 |
| 1101 | 2217 | 2872 | 3853 | 4286 | 4852 | 6374 | 7429 | 8324 |
| 1128 | 2224 | 2928 | 3878 | 4377 | 4892 | 6486 | 7680 | 8378 |
| 1153 | 2256 | 3012 | 3931 | 4394 | 4938 | 6526 | 7721 | 8736 |
| 1176 | 2271 | 3034 | 4056 | 4438 | 4943 | 6528 | 7735 | 8832 |
| 1257 | 2282 | 3035 | 4133 | 4441 | 5236 | 6549 | 7789 | 8841 |
| 1298 | 2476 | 3075 | 4137 | 4491 | 5596 | 6612 | 7960 | 8957 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी होळी मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.100/- — सोडत दिनांक 12-03-2025 — जिंका फक्त 4 अंकावर — पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 22 लाख — दुसरे बक्षिस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजाराची 30 बक्षिसे) — तिसरे बक्षिस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजाराची 100 बक्षिसे)

गणेशलक्ष्मी शुभ विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 11/03/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे — प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah



निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री — महालक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत सायं. 4:30 वाजता

सोडत दर मंगळवार • सोडत क्रमांक 10 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 11/03/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — SM-02 : 4295

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 5365 — किशोर लॉटरी सेंटर, सांगली

तिसरे बक्षिस रु. 2000/- — 2322 | 3636 (पवार लॉटरी - ठाणे) | 3824 (अंबिका एजन्सी, दादर, मुंबई)

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1052 | 1914 | 3483 | 3830 | 4720 |
| 1298 | 1936 | 3537 | 3938 | 4948 |
| 1310 | 2220 | 3564 | 4231 | 4966 |
| 1392 | 2284 | 3583 | 4232 | 5095 |
| 1537 | 2497 | 3721 | 4365 | 5198 |
| 1577 | 2758 | 3725 | 4370 | 5540 |
| 1621 | 3095 | 3737 | 4634 | 5556 |
| 1886 | 3113 | 3781 | 4674 | 5928 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY — महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत — सोडत दिनांक 21/03/2025 — जिंका फक्त 4 अंकावर — पहिले सामाईक बक्षिस रु. ₹ 50 लाख (रु. 25 लाखाची 2 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस ₹10 लाख *(रु. 10 हजाराची 100 बक्षिसे)* — तिसरे बक्षिस ₹5 लाख *(रु. 5 हजाराची 100 बक्षिसे)* — 200/-

छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

महाराष्ट्र सह्याद्री महालक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 11/03/2025

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah



निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी मंगल विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता

सोडत दर मंगळवार • सोडत क्रमांक 10 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 11/03/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 1011 | 1299 | 8266 | 4415 | 6262 (लकी लॉटरी - अहमदनगर) |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 6907 (श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई) | 7000

तिसरे बक्षिस रु. 2000/- — 0477 | 4043 | 4665 | 7697 | 8158

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 1980 | 2028 | 2235 | 2314 | 2484 | 2591 | 3446 | 3801 | 7319 | 7885 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 1015 | 3374 | 4215 | 5413 | 6066 | 6473 | 6649 | 6843 | 8607 | 9557 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी) — सहावे बक्षिस रु. 300/-

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 0490 | 1771 | 2753 | 3813 | 4584 | 5404 | 6160 | 7096 | 7716 | 8750 |
| | 0501 | 1864 | 2985 | 3898 | 4704 | 5415 | 6168 | 7148 | 7726 | 8787 |
| 0003 | 0545 | 1871 | 3046 | 3953 | 4794 | 5443 | 6204 | 7207 | 7729 | 8832 |
| 0010 | 0627 | 1872 | 3143 | 3955 | 4796 | 5544 | 6314 | 7244 | 7742 | 8888 |
| 0014 | 0757 | 1897 | 3206 | 3980 | 4854 | 5553 | 6358 | 7256 | 7763 | 8930 |
| 0042 | 0831 | 2081 | 3303 | 3992 | 4866 | 5599 | 6567 | 7267 | 7860 | 8935 |
| 0064 | 0841 | 2191 | 3353 | 4013 | 4947 | 5661 | 6603 | 7286 | 7903 | 9030 |
| 0066 | 0868 | 2244 | 3363 | 4074 | 4982 | 5683 | 6627 | 7387 | 7960 | 9032 |
| 0100 | 0898 | 2255 | 3373 | 4145 | 5051 | 5754 | 6632 | 7389 | 8040 | 9195 |
| 0176 | 1135 | 2266 | 3385 | 4147 | 5053 | 5792 | 6680 | 7398 | 8113 | 9219 |
| 0203 | 1139 | 2322 | 3459 | 4154 | 5057 | 5793 | 6681 | 7416 | 8190 | 9249 |
| 0256 | 1148 | 2375 | 3538 | 4234 | 5115 | 5858 | 6738 | 7450 | 8231 | 9293 |
| 0320 | 1157 | 2461 | 3544 | 4414 | 5218 | 5873 | 6788 | 7464 | 8347 | 9314 |
| 0349 | 1183 | 2462 | 3554 | 4425 | 5235 | 5905 | 6866 | 7468 | 8380 | 9483 |
| 0350 | 1265 | 2499 | 3634 | 4432 | 5257 | 5951 | 6885 | 7479 | 8426 | 9633 |
| 0356 | 1286 | 2629 | 3653 | 4442 | 5290 | 5980 | 6940 | 7524 | 8548 | 9719 |
| 0400 | 1417 | 2652 | 3694 | 4457 | 5364 | 5995 | 6954 | 7527 | 8572 | 9734 |
| 0440 | 1486 | 2726 | 3746 | 4462 | 5377 | 6000 | 7017 | 7562 | 8688 | 9759 |
| 0470 | 1511 | 2729 | 3754 | 4542 | 5386 | 6066 | 7087 | 7600 | 8692 | 9956 |

महाराष्ट्र गुढीपाडवा भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 29/03/2025 — पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 1 करोड (रु. 50 लाखाची 2 बक्षिसे) — प्रोत्साहनपर बक्षिसे ₹ 8 लाख — दुसरे बक्षिस रु. ₹ 10 लाख — ₹200/-

महाराष्ट्र गजलक्ष्मी मंगळ विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 11/03/2025 — प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah



१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# पूर्व विधायक रविंद्र धंगेकर शिवसेना में हुए शामिल

**पुणे .**



महाराष्ट्र में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पुणे से पूर्व विधायक रविंद्र धंगेकर शिवसेना में शामिल हो चुके हैं। एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। धांगेकर के कांग्रेस छोड़ने की अटकलें कई महीनों से लग रही थीं। उन्होंने 2023 में कस्बा विधानसभा उपचुनाव जीता, लेकिन लोकसभा चुनाव में भाजपा के मुरलीधर मोहोल से हार गए थे। इसके बाद 2024 के विधानसभा चुनावों में वह कस्बा सीट से भाजपा के हेमंत रासने के खिलाफ हार गए, जिसे उन्होंने एक साल पहले उपचुपनाव में हराया था। सोमवार दोपहर उन्होंने कांग्रेस छोड़ने का ऐलान किया और शाम तक उन्होंने शिवसेना की सदस्यता ले ली।

धंगेकर ने कांग्रेस छोड़ने के बाद पत्रकारों से कहा था कि वह सोमवार शाम उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात करेंगे और उसके बाद शिवसेना में शामिल होने को लेकर अंतिम फैसला लेंगे। उन्होंने कहा था, "कांग्रेस छोड़ना दुखद है। चुनावों में सभी ने मेरे लिए मेहनत की, लेकिन मेरे समर्थकों और मतदाताओं की भावनाएं हैं कि मुझे ऐसा फैसला लेना चाहिए जिससे (कसबा) क्षेत्र में विकास कार्य हो सकें।

**उदय सामंत ने शिवसेना में बनाई जगह**

धंगेकर ने बताया कि हाल ही में उन्होंने शिंदे और शिवसेना के मंत्री उदय सामंत से मुलाकात की थी, जिन्होंने उन्हें साथ काम करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा था, "अपने समर्थकों और मतदाताओं से चर्चा के बाद यह तय किया गया कि हमें शिंदे के साथ काम करना चाहिए। मैं आज उनसे मिलूंगा और उसके बाद निर्णय लूंगा।

## तेंदुआ वन विभाग के पिंजरे में कैद

**अहिल्यानगर.** वडनेर (टी.राहुरी) में एक किसान को मारने वाला तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। फिलहाल इस तेंदुए को डिग्रस स्थित नर्सरी में रखा गया है। उप वन संरक्षक धर्मवीर सालविट्ठल ने बताया कि वरिष्ठों से चर्चा के बाद उसे जुन्नार (पुणे) स्थित तेंदुआ आश्रय केंद्र भेजा जाएगा। इस बीच इस क्षेत्र में 5 से 6 तेंदुए और हैं और वन विभाग को तेंदुओं की तलाश जारी रखनी चाहिए. राहुरी तालुका में भी तेंदुए द्वारा किसान पर हमला करने की घटना घटी है. वडनेर के किसान शोभाचंद गव्हाणे (50) सोमवार सुबह अपनी फसल की सिंचाई करने गए थे, तभी तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें मार डाला। इससे किसान दहशत के साथ-साथ अपना गुस्सा भी जाहिर कर रहे थे. पूर्व विधायक प्राजक्ता तनपुरे भी वन विभाग के साथ केंद्र सरकार पर भारी दबाव में आ गई थीं.

# विकसित महाराष्ट्र बन रहा, लेकिन लोग गरीब हो रहे: पृथ्वीराज चव्हाण



**कराड.** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने बजट को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा, अर्थसंकल्प पेश किया गया है, जो देश की आगे की आर्थिक दिशा तय करेगा. उस समय विशेष रूप से किसानों को कर्जमाफी की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ.

पूर्व सीएम ने कहा कि आज हर दिन राज्य में सात किसान आत्महत्या करते हैं. सरकार का कहना है कि वह क्या करना चाहती है, लेकिन किसानों को सोयाबीन 31 रुपये बेचना पड़ता है. एक ओर कहा जाता है विकसित भारत, विकसित महाराष्ट्र, लेकिन देश अमीर होता जा रहा है और लोग गरीब होते जा रहे हैं.

पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा, 'सरकार ने 2017 तक एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है, लेकिन झूठे दिवाली के सपने दिखाकर घोषणाएं करना गलत है. चव्हाण ने कहा कि आय में महाराष्ट्र देश में सबसे आगे था, लेकिन अब पीछे है, क्या सरकार इस सच को नकारेगी? आज गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और हरियाणा जैसे राज्य आगे बढ़ गए हैं और महाराष्ट्र से अधिक विकसित हो गए हैं. बजट में केवल पैसे बढ़ाने से विकास नहीं होता, बल्कि वास्तविकता में पैसे बढ़ने चाहिए.

पूर्व सीएम ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार केवल स्मारक, सड़कें, महामार्ग और प्रतिमा स्थापित करने में कमीशन लेने पर जोर दे रही है.

महाराष्ट्र में बजट सोमवार को पेश हुआ. वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार का बजट पेश किया गया. उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने बजट पेश किया.

**लाडकी बहिन योजना के लिए इतने रुपये**

7,00,020 करोड़ रुपये के बजट में लाडकी बहिन योजना के लिए 36,000 करोड़ रुपये आवंटित किए, लेकिन भत्ता राशि में बढ़ोतरी की कोई घोषणा नहीं की. हालांकि, बजट में योजना के लाभार्थियों को दिए जाने वाले भत्ते को 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,100 रुपये करने की चुनावी घोषणा के अनुरूप कोई उल्लेख नहीं किया गया है. इसके साथ ही सीएनजी और एलपीजी वाहनों पर मोटर वाहन कर में एक प्रतिशत की वृद्धि का भी प्रस्ताव रखा गया.

# वधावन बंदरगाह 2030 तक चालू करने का दावा

**मुंबई.**



महाराष्ट्र की महायुति सरकार का पहला बजट सोमवार (10 मार्च) को पेश किया गया. उपमुख्यमंत्री और वित्त एवं योजना मंत्री अजित पवार ने विधानसभा में बजट पेश किया. इस बजट पर किसानों, व्यापारियों, उद्यमियों समेत पूरे महाराष्ट्र की नजरें टिकी हुई थी. वित्त मंत्री के रूप में अजीत पवार ने यह 11वां बजट पेश किया. इस दौरान उन्होंने कई बड़ी घोषणाएं की.

वित्त मंत्री ने कहा कि पालघर जिले में विकसित किया जा रहा वधावन बंदरगाह साल 2030 तक चालू हो जाएगा. उन्होंने बताया कि मुंबई के लिए तीसरा हवाई अड्डा वधावन बंदरगाह के पास बनाने का प्रस्ताव है. इसके अलावा मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का एक स्टेशन भी इस बंदरगाह के नजदीक बनेगा.

**'मुंबई को विकास केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा'**

पवार ने कहा कि कही कि कि महाराष्ट्र की नई औद्योगिक नीति 40 लाख करोड़ रुपए के निवेश और 50 लाख नौकरियों के सृजन पर केंद्रित होगी. बजट भाषण में उन्होंने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र को विकास केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है. मंत्री ने बताया कि 2047 तक इसकी अर्थव्यवस्था 1.5 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी.

**मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से घरेलू उड़ानें संचालित होंगी'**

इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि अगले महीने यानी अप्रैल से नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से घरेलू उड़ानें संचालित होंगी. उन्होंने बताया कि इसका 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और परीक्षण भी सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं.

वहीं मेट्रो को लेकर उन्होंने कहा कि मेट्रो सेवा मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जोड़ने का काम करेगी. सरकार की ये घोषणा पूरी होने से मुंबई और यहां आने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी.

## हलाल के बाद अब झटका सर्टिफिकेट...!

**मुंबई.** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री नीतेश राणे ने हलाल मीट के सामने अब झटका मीट प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है. इस वेबसाइट के जरिए हिन्दू ग्राहकों को हिन्दू व्यापारियों से मांस उपलब्ध करवाया जाएगा, जो हलाल सर्टिफिकेट की जगह झटका सर्टिफिकेट वाला होगा. इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि ये दुकानें केवल हिंदुओं की ओर से चलाई जाएंगी. राणे ने झटका मीट सप्लायर्स के लिए मल्हार सर्टिफिकेशन डॉट कॉम नाम से एक सर्टिफिकेशन प्लेटफॉर्म बनाने की घोषणा की. नितेश राणे ने एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'आज हमने महाराष्ट्र में हिंदू समाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. Malharcertification.com के माध्यम से मल्हार सर्टिफिकेशन की शुरुआत की गई है. इस सर्टिफिकेशन के जरिए आपको अपने अधिकार का मांस उपलब्ध होगा,

# छत्रपति संभाजी महाराज पराक्रमी योद्धा थे : अबू आजमी

**मुंबई.**



महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित सपा विधायक अबू आजमी मुगल बादशाह औरंगजेब पर दिए बयान के बाद पूरी तौर पर बैकफुट पर दिखाई दे रहे हैं. हर तरफ उनकी आलोचना हुई. उन्होंने औरंगजेब को महान बताया था, ये बयान उन्होंने वापस भी ले लिया. इस बीच सपा विधायक ने छत्रपति संभाजी महाराज को श्रद्धांजलि दी है.

उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, 'स्वराज के दूसरे छत्रपति, पराक्रमी योद्धा, धर्मवीर छत्रपति संभाजी महाराज के शहादत दिन पर विनम्र श्रद्धांजलि.' इधर, अबू आजमी विधानसभा से निलंबन को वापस लेने की गुहार लगा रहे हैं. वह विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को पत्र लिखकर अपना निलंबन रद्द करने का अनुरोध कर चुके हैं. औरंगजेब को लेकर अपने बयान पर आजमी का तर्क है कि उनके बयान की गलत व्याख्या की गई.

आजमी ने कहा, 'मैंने जो कुछ भी कहा वह तमाम इतिहासकारों और लेखकों के उद्धरणों पर आधारित था. मैंने छत्रपति संभाजी महाराज के बारे में कोई विवादास्पद टिप्पणी नहीं की. मैं छत्रपति संभाजी महाराज और छत्रपति शिवाजी महाराज दोनों का बेहद सम्मान करता हूं.' आजमी को मौजूदा बजट सत्र के शेष समय के लिए निलंबित कर दिया गया था. आजमी के बयान का शिवसेना-यूबीटी, शिवसेना शिंदे, बीजेपी समेत तमाम दलों ने विरोध किया था और औरंगजेब की कब्र को ढहाने तक की मांग की जाने लगी, जिसके बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कानून के मुताबिक ही चीजें की जा सकती हैं.

समाजवादी पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष अबू आजमी ने कहा था कि औरंगजेब के शासनकाल में भारत की सीमा अफगानिस्तान और बर्मा (म्यांमार) तक पहुंच गई थी. उन्होंने यह भी कहा कि औरंगजेब एक "क्रूर प्रशासक" नहीं था और उसने कई मंदिर बनवाए. औरंगजेब और मराठा राजा छत्रपति संभाजी महाराज के बीच लड़ाई के बारे में पूछे जाने पर मुंबई के मानखुर्द शिवाजी नगर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक ने इसे एक राजनीतिक लड़ाई बताया था.

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिविर पर पथराव

**डोंबिवली.** महाराष्ट्र के डोंबिवली में राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ (आरएसएस) के शिविर पर पथराव होने की घटना सामने आई है. आरएसएस के प्रशिक्षण शिविर पर कुछ लोगों ने पथराव किया है. इस मामले के बाद संघ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में इकट्ठे हो गए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर जमकर नारेबाजी की. इस बीच उन्होंने विभिन्न खेल आयोजित कर अनोखा प्रदर्शन किया.इस घटना से क्षेत्र के लोगों में तनाव का माहौल है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पत्थरबाजी करने वाले पांच आरोपियों को हिरासत में लिया, जिनमें चार नाबालिग हैं. घटना के मुताबिक, कचोरे गांव के वीर सावरकर नगर के एक मैदान में आरएसएस का प्रशिक्षण शिविर चल रहा था. इस शिविर में 35 बच्चों ने भाग लिया. इस दौरान रविवार की रात को अचानक कुछ लोगों ने शिविर पर पथराव कर दिया.

# भारत की जीत पर इंडिया पोस्ट ने विशेष कैंसलेशन किया जारी

**मुंबई .**







चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में इंडिया पोस्ट ने 10 मार्च को पुरुष क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए एक विशेष कैंसलेशन जारी किया. महाराष्ट्र सर्कल के मुख्य डाक महाप्रबंधक अमिताभ सिंह ने इस विशेष आयोजन की घोषणा की. यह कैंसलेशन 9 मार्च 2025 को दुबई में खेले गए भारत बनाम न्यूजीलैंड के फाइनल मैच की ऐतिहासिक जीत को चिह्नित करता है. यह विशेष कैंसलेशन भारतीय क्रिकेट टीम की जीत, राष्ट्रीय गौरव और खेल भावना को दर्शाता है.

**विशेष कैंसलेशन का महत्व**

यह न केवल भारत की क्रिकेट उपलब्धि को सम्मानित करता है, बल्कि डाक टिकट संग्राहकों और क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक यादगार स्मृति भी है. इस विशेष डाक कैंसलेशन के विमोचन समारोह का आयोजन मुंबई जीपीओ में किया गया. इस कार्यक्रम में मुंबई क्षेत्र की पोस्टमास्टर जनरल सुचिता जोशी, महाराष्ट्र सर्कल के निदेशक (डाक सेवा एवं व्यावसायिक विकास) मनोज कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति और डाक विभाग के अधिकारी उपस्थित थे.

**भारत की क्रिकेट विरासत का सम्मान**

मुख्य डाक महाप्रबंधक अमिताभ सिंह ने कहा कि यह विशेष कैंसलेशन भारत की खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है. फिलाटेली (डाक टिकट संग्रहण) के माध्यम से इस ऐतिहासिक जीत को यादगार बनाया गया है. यह कैंसलेशन मुंबई जीपीओ में आम जनता के लिए उपलब्ध है, जिससे क्रिकेट और डाक प्रेमी इसे एक यादगार संग्रह के रूप में अपना सकते हैं.

इंडिया पोस्ट का यह कदम भारत की क्रिकेट उपलब्धियों को न केवल यह डाक को संग्रह करने का खास मौका देती है, बल्कि क्रिकेट प्रेमियों और इतिहास के गवाह बनने वालों के लिए एक अनमोल धरोहर भी साबित होती है. इस तरह की पहल से भारत की खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलता है और राष्ट्रीय गर्व को नई पहचान मिलती है. इंडिया पोस्ट का यह प्रयास उन लोगों के लिए भी खास है, जो क्रिकेट और डाक टिकट संग्रहण दोनों में रुचि रखते हैं.

## पेन में मिला सूटकेस में शव...

**अलीबाग:** रायगढ़ जिले के पेन तालुका के दूरशेत फाटा में एक नदी के किनारे सूटकेस में एक महिला का शव मिला. इस मामले में पेन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस जांच जारी है. पिछले कुछ दिनों से पेन तालुका के दूरशेत फाटा में तेज गंध आ रही थी. इस पर स्थानीय लोगों की नजर पड़ी. इसलिए उन्होंने यह खोजना शुरू कर दिया कि आसपास के इलाके में कोई जानवर तो नहीं मरा है. तभी बहांगा नदी के किनारे एक बड़ा काला सूटकेस मिला. उग्रवस इसी सूटकेस से आ रहे थे. दूरशेत गांव के सरपंच दशरत गवांड ने तुरंत गांव पुलिस को बुलाया। इसके बाद घटना की सूचना पेण पुलिस को दी गयी. कुछ देर बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची. जब उन्होंने सूटकेस खोला, तो उन्हें सूटकेस के अंदर एक महिला का क्षत-विक्षत शव मिला, जिसकी उम्र तीस से चालीस के बीच होगी। इससे पेण इलाके में उत्साह फैल गया.

पुलिस ने पंचनामा कर शव को कब्जे में ले लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पेन के उपजिला अस्पताल भेज दिया गया।

**मध्य रेलवे**

**एनजीपी/सीडब्ल्यू/693/पे एवं पार्क/ई-नीलामी तिथि: 10 मार्च 2025**

सूची 1. पार्किंग-NGP-WR-FW-49-22-3 26/03/2025 को 15.00 बजे प्रारंभ/ 26/03/2025 को 15.30 बजे समाप्त 2. पार्किंग-NGP-FW-70-24-1 26/03/2025 को 15.00 बजे प्रारंभ/ 26/03/2025 को 15.40 बजे समाप्त 3. पार्किंग- NGP-TW-73-25-3 26/03/2025 को 15.00 बजे प्रारंभ/ 26/03/2025 को 15.50 बजे समाप्त 4. पे एंड यूज टॉयलेट- एनजीपी-बीपीक्यू-टीओआई-24-25-1 26/03/2025 को 15.00 बजे प्रारंभ/26/03/2025 को 16.00 बजे समाप्त।

एसीएम (टीसी) नागपुर

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे एन.जी.पी.-491

**नगर पंचायत मौदा**
**जिल्हा - नागपूर**
ईमेल- npmouda@gmail.com

क्रमांक नपमौ/८७४/२०२५ दिनांकः ११/०३/२०२५

**सूचना**

मुख्याधिकारी नगर पंचायत मौदा, जि. नागपूर यांचे वतीने महाराष्ट्र सुवर्ण जयंती नगरोत्थान महाअभियान (राज्यस्तर) अंतर्गत सांडपाणी प्रक्रिया केंद्र उभारणी करिता चिकणा पांदण रस्त्यालगत शंकरपट व शासकीय वाळू विक्री डेपो नजीक किमान एक एकर खाजगी जागा खरेदी करावयाची आहे. या जाहिरातीद्वारे जागा विक्री करण्यास इच्छुक व्यक्ती संस्था यांचेकडून प्रति एकर खुले स्पर्धात्मक दर मागविण्यात येत आहे. सदर जागा ही मौदा शहर विकास आराखडा मध्ये दर्शविण्यात आलेली पुर बाधित रेषेच्या बाहेर असणे आवश्यक आहे. जागा विक्री करण्यास इच्छुक व्यक्ती संस्था यांचेद्वारा बंद लिफाफामध्ये जागेच्या दाखल्यासह आवश्यक दस्ताऐवज व साध्या कागदावर स्वाक्षरीसह प्रति एकर स्पर्धात्मक दर सादर करण्याचे ठिकाण नगर पंचायत मौदा कार्यालय असून अंतिम दिनांक २०/०३/२०२५ (सकाळी १०.०० वाजेपर्यंत) आहे.

स्वा/-
मुख्याधिकारी
नगर पंचायत मौदा

## आज का राशिफल

मेष- मेष राशि के जातकों के लिए कल दिन लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा. आपका कोई पुराना मित्र लंबे समय बाद आपसे मिलने आ सकता है.

वृषभ- राशि के जातकों के लिए दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है.

मिथुन- राशि के जातकों के लिए दिन किसी नए काम को करने के लिए अच्छा रहेगा. आप अपने पिताजी से कामों को लेकर सलाह ले सकते हैं.

कर्क- राशि के जातकों के लिए दिन सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा. आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा.

सिंह- राशि के जातकों के लिए दिन कठिनाइयों भरा रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपके बॉस यदि आपको कोई काम सौंपे.

कन्या- राशि के जातकों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपके सहयोगी कामों में आपका पूरा साथ देंगे.

तुला- राशि के जातकों के लिए दिन सेहत के मामले में उतार चढ़ाव भरा रहने वाला है.

वृश्चिक- राशि के जातकों के लिए दिन खुशियों से सराबोर रहने वाला है. आप यदि नौकरी में बदलाव करने की योजना बना रहे थे, तो वह आप कर सकते हैं.

धनु- राशि के जातकों के लिए दिन मिश्रित रूप से फलदायी रहने वाला है .आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं.

मकर- राशि के जातकों को अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर सुलझाने की आवश्यकता है. आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा.

कुंभ- राशि के जातकों के लिए दिन मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है.

मीन- राशि के जातकों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है. आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से परिवार के सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे.

**PUBLIC NOTICE**
Pro. No. 1097 Dt. 27/01/25
**IN THE COURT OF 4th JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 404**
**M.J.C. Case No. 21/2025**
**Fixed For 01/04/2025**

**Applicants : 1) Ramdas S/o Mahadevrao Dhande,** R/o Plot No. 100 Manewada Besa Road Nagpur, **2) Hariom S/o Devaji Dhenge,** R/o 9 Sarvshri Nagar Umred Road Dighori Nagpur 440034, **3) Laxmibai Shrikrushnarao Bhoyar,** R/o Juni Tel Ghani Road Near Ganga Mata Mandir Ganeshpeth Nagpur, **4) Kalpana Ramji Bhotmange,** R/o Behind Dighori Dahanghat Plot No 372 Yogeshwar Nagar Umred Road Nagpur, **5) Chhaya Gurudatta Khokle,** R/o Near ITI 34 Manish Society Sarvashree Nagar Umred Road Dighori Nagpur. **--Versus--**
**Non-Applicants: Nil**
**Name of Deceased : 1) Mahadev s/o Atmaram Dhande, Died On: 25/01/2001, 2) Parvatibai W/o Mahadev Dhande, Died: 24/11/1998, 3) Devaji S/o Daulatrao Dhenge, Died On: 10/06/1982, 4) Savitribai W/o Devaji Dhenge, Died On: 16/08/2015,** All R/o Plot No. 100 Manewada Besa Road Nagpur.
Whereas **1) Mahadev s/o Atmaram Dhande, Died On: 25/01/2001, 2) Parvatibai W/o Mahadev Dhande, Died: 24/11/1998, 3) Devaji S/o Daulatrao Dhenge, Died On: 10/06/1982, 4) Savitribai W/o Devaji Dhenge, Died On: 16/08/2015,** All R/o Plot No. 100 Manewada Besa Road Nagpur. and Whereas **Ramdas S/o Mahadevrao Dhande & Oth.** has presented an application to this court for grant of **Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.**
This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Ramdas S/o Mahadevrao Dhande & Oth.** as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of **4th Joint Civil Judge Jr. Dn., Nagpur** on **1st Day of April, 2025** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate on Legal Heir of the said deceased.
Given under my hand and the seal of the court, that **24th day of Jan., 2025.**
Seal
**By order of the Court**
**Asstt. Supdt. (T.W.)**
**Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.**
Prasanna Publicity 09326927622

**PUBLIC NOTICE**
Pro. No. 2135 Dt. 04/03/25
**IN THE COURT OF JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION NAGPUR. Room No. 416-A**
**M.J.C. Case No. 93/2025**
**Fixed For 15/03/2025**

**Applicant : 1) Vishwas Kawdu Bhongade, 2) Rinku Kawdu Bhongade, 3) Kalpana Haridas Shambharka, 4) Asha Harry George Anthony. --Versus--**
**Non-Applicants: Nil**
**Name of Deceased: 1) Kawdu Ganpat Bhongade, Died On 24/07/2006,** R/o Plot No. 34, Rashtriya Co-Op Society Near Borgaon Gorewada Road, Katol Road, Nagpur.
Whereas **Kawdu Ganpat Bhongade, Died On 24/07/2006,** R/o Plot No. 34, Rashtriya Co-Op Society Near Borgaon Gorewada Road, Katol Road, Nagpur. and Whereas **Vishwas Kawdu Bhongade & Oth.** has presented an application to this Court for grant of **Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.**
This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Vishwas Kawdu Bhongade & Oth.** as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of **Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur** on **15th Day of March, 2025** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.
Given under my hand and the seal of the court, that **4th day of March, 2025.**
Seal
**By order of the Court**
**Asstt. Supdt. (T.W.)**
**Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.**
Prasanna Publicity 09326927622

## मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस

**DR. NANDI PATH LAB**
NP Committed to your Wellness
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

**Sabri**
Professional DJ & Live Audio Sound Service
:: Booking Show ::
Qawwali, Ghazal. Sugam Sangeet, Jagran, Orchestra, Sufi Night, Celebrity Show, Govt. Meeting, School & College Gatherings, Wedding, Party Shows, Event & All Festival Planings, Trust, Lights, LED Wall.
M. 9503066685
Kharbi Chowk, Nagpur.

**AVANI SOLAR SYSTEM**
GSTIN No. : 27AHYPY4738N1ZX
VANDANA ABHIJEET YADAV Proprietor
AU Avani Udyog
(MSEDCL Approved Vendor)
Office Address
Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001
E-mail : avanisolarandagriproducts@gmail.com
Cell : +91 9665055266 | +91 8999396631
Sales Office : "G1", Bhavani Apartment, Near Lokvihar, Phase 3, Bhilgaon, Nagpur - 440 026.

**Star Path LAB**
8 AM to 9 PM
UPTO 50% Discount
पॅथॉलॉजी लॅब
हमारे यहां सभी प्रकार के ख़ून/ पेशाब/ मलमूत्र कि जॉच कम से कम दाम मे की जाती है। जैसे कि CBC, ब्लड शुगर, थायरॉयड, वात रोग, पीलिया, ब्लड कैंसर, TB (टी.बी), एलर्जी समेत समस्त प्रकार की जांच खून के द्वारा की जाती है।
(FREE/मुफ्त घर पहुंच सेवा उपलब्ध)
मो. 9372696143, 9370865828
बड़ा ताजबाग दरगाह रोड, नागपुर

**इंग्लिश स्पीकिंग**
E-PLANET™ SPEAKERS' ACADEMY
Talkative, Funny & Tricky
Morning / Evening BATCHES
अंग्रेज़ी बोलना सीखें बिना किताब और कलम से
हम भीड़ में दौड़ना नहीं जितना सिखाते है।
» STUDENTS » TEACHERS » HOUSEWIVES » JOB SEEKERS
NEW BATCHES | 5:00 PM TO 6:00 PM | 8:00 AM TO 9:00 AM
9960462058,7498325477
नया गोदाम, प्रबुध्द नगर, ईस्माइलपुरा, कामठी डॉ. (प्रा.) अभिषेक चिमणकर

**ZOREN PROPERTY DEALERS**
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

**नसीब प्रिंटींग प्रेस**
एस. सुधीर मो. 9372855880
डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड
शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प
बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब
रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग
प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

**ADMISSION OPEN**
**RKS PUBLIC SCHOOL**
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket
Karate Class • Swimming Pool
Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

**अंकित एंटरप्राइजेस**
आनंद ठेकेदार : 7219847962
बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर
हमारे यहां आरसीसी काम, बांधकाम काम, प्लास्टर, टाईल्स काम, पेंटिंग और पीओपी के सभी काम करके मिलेंगे।
"सकु आई मंजिल" नया गोदाम, कामठी

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।
**विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक**
**मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088**

**नमोश्री ऑनलाईन जॉब सेन्टर**
विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व ईडेलिटी बॅड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड
उमेश्वर शामकुंवर
M.9326760744
तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

## सुविचार

समय, विश्वास और सम्मान ये ऐसे पक्षी हैं,
जो उड़ जाएं तो वापस नहीं आते.

## संपादकीय

# लोकतंत्र को वक्त मिले

❍ क्या पड़ोसी देश नेपाल एक बार फिर किसी बड़ी उथलपुथल से गुजरने वाला है? यह सवाल इसलिए उठा क्योंकि रविवार को काठमांडू में नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के पक्ष में बड़ा प्रदर्शन हुआ। न केवल पूर्व राजा के स्वागत में एयरपोर्ट पर हजारों की भीड़ उमड़ी बल्कि राजशाही की वापसी के नारे भी लगाए गए। इसे राजा समर्थकों के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। खास बात यह कि इस प्रदर्शन को पूरी तरह आकस्मिक या स्वत:स्फूर्त नहीं माना जा सकता। पिछले करीब दो महीने से इसकी तैयारी की जा रही थी। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र इस दौरान राजधानी काठमांडू से दूर नेपाल के अलग-अलग हिस्सों में दर्जनों मंदिरों में गए। राजनीतिक हलकों में इसे देश के दूर-दराज के इलाकों में अपनी लोकप्रियता जांचने की उनकी मुहिम के रूप में देखा जा रहा था। काठमांडू में हुए इस प्रदर्शन में लगाए जाने वाले नारे ज्यादातर तो राजा और राजशाही के समर्थन तक ही सीमित रहे, लेकिन एकाध मामलों में मौजूदा पीएम केपी ओली के खिलाफ भी नारे सुने गए। ओली पूर्व नरेश को सार्वजनिक रूप से यह चुनौती दे चुके हैं कि अगर वे सत्ता में लौटने के इतने ही इच्छुक हैं तो अपनी एक राजनीतिक पार्टी बनाकर चुनाव लड़ लें। असल में प्रदर्शन का मकसद अपने पूर्व राजा के प्रति सम्मान प्रदर्शित करना भर नहीं लगता। 2006 में हुए ऐसे ही प्रदर्शनों के बाद नेपाल के तत्कालीन राजा ज्ञानेंद्र को सत्ता छोड़नी पड़ी थी। इसके 2 साल बाद 2008 में नेपाल धर्मनिरपेक्ष गणराज्य घोषित किया गया। ऐसे में अगर राजशाही की वापसी और हिंदुत्व को राजधर्म घोषित करने की मांग सड़कों पर हो रही है, तो साफ है कि यह टकराव आगे चलकर गंभीर रूप ले सकता है। इसमें दो राय नहीं कि 2008 में गणराज्य घोषित होने के बाद से लोकतंत्र की राह पर नेपाल की यात्रा बाधाओं से भरी रही है। राजनीतिक स्थिरता नहीं कायम की जा सकी। 17 वर्षों की इस अवधि में वहां 13 सरकारें बन चुकी हैं। लेकिन किसी भी देश में लोकतांत्रिक चेतना विकसित होने में वक्त लगता है। सत्ता के लिए राजनीतिक दलों का आपस में झगड़ना किसी भी लोकतंत्र के लिए स्वाभाविक बात है। इसका मतलब यह नहीं माना जा सकता कि लोकतंत्र के अपहरण की स्थिति बनने पर भी वे एक नहीं होंगे।

## आलेख

रमेश कृष्णराव

# पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रतीक होली



होली, भारत में मनाया जाने वाला एक प्रमुख और रंगीन त्यौहार है, जिसे प्रत्येक राज्य में अपनी पारंपरिक विधियों से मनाया जाता है। इस त्यौहार का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी है, लेकिन बदलते समय के साथ इस त्यौहार के पर्यावरणीय प्रभावों को लेकर गंभीर विचार किया जाना आवश्यक हो गया है। भारत में होली का त्यौहार खासकर महाराष्ट्र में अत्यधिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। यह त्यौहार मराठी नववर्ष के आगमन की प्रतीक है, जिसे "गुड़ी पड़वा" के नाम से मनाया जाता है। इस दिन पुराने वर्ष का समापन और नए वर्ष का स्वागत करते हैं। लेकिन बदलते समय में यह जरुरी हो गया है कि हम अपने पर्यावरण का भी ख्याल रखें और इस दिन को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तरीके से मनाएं। आजकल होली पर पंखुड़ियों, रंगों, और पानी का उपयोग अत्यधिक बढ़ गया है, जिससे प्रदूषण में भी वृद्धि हो रही है। रंगों में अधिकतर केमिकल्स का उपयोग होता है, जो हमारी त्वचा और आँखों के लिए हानिकारक हो सकते हैं। साथ ही, होली के दौरान पानी का अत्यधिक उपयोग भी एक बड़ी समस्या बन चुका है। जबकि हमारी जल संकट की स्थिति गंभीर होती जा रही है, ऐसे में होली के त्यौहार को मनाते समय पानी की बचत अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। होली का समय जब आता है, तो पानी की भारी बर्बादी होती है, जो न केवल हमें, बल्कि पशु-पक्षियों और कृषि क्षेत्र को भी नुकसान पहुँचाता है। इसके साथ ही, जंगलों की अंधाधुंध कटाई के कारण लकड़ी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जिससे होली दहन के लिए लकड़ी का उपयोग अधिक हो रहा है। इस पर काबू पाने के लिए हमें होली पर जल व लकड़ी का उपयोग कम से कम करना चाहिए और प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम संरक्षण करना चाहिए। आजकल, जंगलों की अंधाधुंध कटाई के कारण न केवल हमारे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है, बल्कि वन्य जीवों की भी स्थिति चिंताजनक हो रही है। जंगलों के विनाश के कारण बाघ, तेंदुआ और अन्य जानवर गांवों में घुस आते हैं।

ऐसे में हमें अपने आदर्शों और कार्यों में बदलाव लाना होगा, ताकि हम इन समस्याओं का समाधान कर सकें।इसलिए, इस होली पर हम सबको एक संकल्प लेना चाहिए कि हम केवल प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें, जल का अपव्यय न करें, और पेड़-पौधों की संख्या बढ़ाने के लिए कार्य करें। यदि हम सभी अपने स्तर पर एक छोटा कदम भी उठाएंगे तो यह पर्यावरण के लिए बड़ा बदलाव साबित होगा। इसलिए, इस होली पर हमें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए केवल एक-दूसरे को रंगों से नहलाना चाहिए, बल्कि प्रकृति को भी हरा-भरा और सुरक्षित रखने के लिए कदम उठाना चाहिए। इस प्रकार हम होली को न केवल अपनी खुशियों के रूप में, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक के रूप में भी मना सकते हैं।





मौलाना डॉ मोहियुद्दीन ग़ाज़ी



अगर आपको अरबी ज़बान नहीं आती है और ख्वाहिश व शौक के बावजूद नमाज़ समझ कर नहीं पढ़ पाते हैं तो परेशान न हों, थोड़ी सी मेहनत और तवज्जो से आप नमाज़ को समझते हुए अदा कर सकते हैं। इस रमज़ान में आप अपने अंदर यह ज़बरदस्त तबदीली भी ला सकते हैं, उसके लिए नीचे बहुत आसान और काबिल-ए-अमल सुझाव पेश किए गए हैं लेकिन उससे पहले आपके लिए ज़रूरी है कि उसकी अहमियत से भी वाकिफ हो जाएं। एक मुसलमान जिसे अल्लाह नमाज़ की तौफ़ीक दे वह जिंदगी में बिना किसी अतिशयोक्ति के लाखों मर्तबा सूरह अल-फ़ातिहा पढ़ता है, लाखों मर्तबा अत्तहिय्यात पढ़ता है, लाखों मर्तबा नमाज़ के दूसरे अज़्कार और दुआएं पढ़ता है। नमाज़ के ये तमाम अज़्कार इस पूरी कायनात में अदा किए जाने वाले बेहतरीन कलमात हैं।

क्या यह ज़रूरी नहीं है कि लाखों बार पढ़े जाने वाले इन बेहतरीन अज़्कार का अर्थ भी पढ़ने वाले के ज़ेहन में मौजूद रहे और जब वह ये बेहतरीन कलिमे लाखों बार अपनी ज़ुबान से अदा करे तो हर बार उनके अर्थ का लुत्फ़ भी उठाए। ज़रा सोचें, हम नमाज़ में जो कलिमात अदा करते हैं उनका अर्थ व मतलब कितना अज़ीमुश्शान और ज़बरदस्त होता है तभी तो अल्लाह पाक ने ज़िंदगी भर लाखों मर्तबा अपने नेक बंदों को उन्हें पढ़ने का हुक्म दिया है। हक़ीक़त यह है कि नमाज़ के अज़्कार ज़िंदगी को सँवारने, नफ़्स को पाकीज़ा बनाने और शख्सियत को तरक़्क़ी देने की ज़बरदस्त और बेमिसाल तासीर रखते हैं। जब जिस्म की हालत, ज़ुबान के अल्फ़ाज़ और दिमाग़ की कैफ़ियत बिलकुल एक जैसी हो जाती है और जब तीनों एक साथ नमाज़ अदा करने में मसरूफ़ हो जाते हैं तो दिल को नमाज़ का वास्तविक लुत्फ़ हासिल होता है और नमाज़ मोमिन की मेराज बन जाती है। नमाज़ तो ईमान व अमल की बेपनाह दौलत का जबरदस्त ख़ज़ाना है। नमाज़ से जिंदगी के हर मोड़ पर बहुत बड़ी मदद हासिल की जा सकती है। नमाज़ इंसान को ऐसी बुलंदियों तक पहुँचाती है जिनका कोई तसव्वुर भी नहीं कर सकता है। ऐसी नमाज़ को जिंदगी भर बिना समझे पढ़ते रहना समझदारी का काम नहीं है। नमाज़ को क़ायम करने की तरफ़ निहायत ज़रूरी कदम है नमाज़ को समझ कर पढ़ना। कोई कह सकता है कि नमाज़ में हम जो कुछ पढ़ते हैं उसे समझना आमतौर से न तो नमाज़ के अरकान में ज़िक्र किया जाता है, न सुन्नतों में और न ही मुस्तहिबात व आदाब में तो फिर इतना ज़ोर क्यों? मेरे भाई! वास्तविकता यह है कि नमाज़ को समझ कर पढ़ना तो नमाज़ की रूह में शामिल है।

अगर आपको "रब्बिग़फ़िरली-वरहमनी" का मतलब मालूम नहीं हो और आप दोनों सजदों के दरम्यान उसे दोहराते रहें और एक दिन मतलब मालूम हो जाए कि "मेरे रब मुझे माफ़ कर दे और मेरे ऊपर रहमत नाज़िल कर दे" और फिर आप यह दुआ दोहराएं, यक़ीन करें आपको बहुत बड़ा फ़र्क महसूस होगा। हो सकता है अर्थ के असर से आपका दिल सोज़ से लबरेज़ हो जाए और आपकी आँखों से आँसू भी बहने लगें। इसकी मिसाल यह है कि कोई शख़्स ज़ायके के एहसास से महरूम हो और बेहतरीन प्रकार के मीठे आम खाता रहे, फिर एक दिन उसके ज़ायके की भावना जाग उठे और आम खाते हुए उस पर खुलासा हो कि वह कैसे शानदार ज़ायके वाली चीज़ बिना मज़ा लिए खा रहा था। बेशक उस वक़्त उसे महसूस होगा कि ज़ायक़े का एहसास कितनी बड़ी नेमत है जिससे वह महरूम है। रोज़े की हालत में इस मिसाल को ज़्यादा अच्छी तरह समझा जा सकता है। अरबी ज़बान नहीं जानने वाले नमाज़ को समझ कर कैसे पढ़ें? यह सवाल बहुत से लोगों को फ़िक्रमंद रखता है।


इस सिलिसिले में कुछ सुझाव यहां ज़िक्र किए जाते हैं कि. पहली बात: इस काम को ज़रूरी समझें, इमाम सुफ़ियान सौरी कहते थे कि आदमी को उसकी नमाज़ के उतने हिस्से का अज्र मिलेगा जितना हिस्सा वह समझ कर अदा करेगा। दूसरी बात: नमाज़ में दोहराए जाने वाले अज़्कार का तर्जुमा याद कर लें। तादाद के लिहाज़ा यह बहुत कम हैं और उन्हें याद कर लेना बहुत आसान है।

पाठकों की सुविधा और फ़ौरन अमल के लिए यहां उन अज़्कार का तर्जुमा दर्ज किया जा रहा है लेकिन आप किसी और किताब और आलिम के तर्जुमे से भी फ़ायदा उठा सकते हैं)। अल्लाहु-अकबर - अल्लाह सबसे बड़ा है।, सना- ऐ अल्लाह! हम तेरी हम्द के साथ तेरी तसबीह करते हैं और तेरा नाम बा-बरकत है तेरी शान ऊंची है, और तेरे सिवा कोई माबूद (पूज्य) नहीं। तअव्वुज़ - मैं मरदूद शैतान से बचने के लिए अल्लाह की पनाह में आता हूँ। बिस्मिल्लाह-अल्लाह के नाम से जो रहमान और रहीम है। सूरह अल-फ़ातिहा- सारी तारीफ़ अल्लाह के लिए है जो सारे इंसानों का रब है, रहमान और रहीम है, जज़ा के दिन का मालिक है, हम तेरी ही इबादत करते हैं और तुझ से ही मदद माँगते हैं, हमें सीधा रास्ता दिखा, उन लोगों का रास्ता जिन पर तूने इनाम फ़रमाया, जिन पर तेरा ग़ज़ब नाज़िल नहीं हुआ और जो भटके हुए नहीं हैं। (क्रमशः).

**पवित्र महीना 'माहे रमज़ान' विशेष**

# 'नमाज़ समझ कर पढ़ना शुरू कर दें'

## नमाज़ों में विफल रहने वाला सभी इबादतों में विफल माना जाएगा



डॉ.एम.ए.रशीद, नागपुर



मुस्लिम समुदाय में कुछ लोग ऐसे हैं कि उन्हें नमाज़ को अदा करना बहुत भारी गुज़रता है जबकि नमाज़ ही दुख और दर्द और परेशानियों का इलाज है। इस बारे में सुनन अबू दाऊद, (1319) और सही अबू दाऊद (261/1) में एक हदीस मिलती है कि हज़रत हुज़ैफा रज़ि ने कहते हैं कि "जब पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अ़लैहि वसल्लम को कोई काम दुःखित कर देता था तो आप नमाज़ पढ़ते थे।"

आज हम दुख-तकलीफों का रोना रोते रहते हैं लेकिन दुख-तकलीफों का यह पैग़म्बरी इलाज नहीं अपनाते। नमाज़ की खासियत है कि वह अभद्रता, अश्लीलता, नग्नता और हर तरह की बुराईयों से रोकती है। अल्लाह सर्वशक्तिमान पवित्र क़ुरआन की सूरह अंकबूत, पंक्ति क्र 45 में फ़रमाते हैं कि "बिना किसी संशय के! नमाज़ बेहयाई और पापों से बचाती है। इसका न्यूनतम रूप यह है कि नमाज़। पढ़ने वाला नमाज़ के दौरान पापों, अभद्रताओं और बुराइयों से सुरक्षित रहता है। यदि नमाज़ सभी शर्तों और शिष्टाचार का पालन करते हुए विनम्रतापूर्वक की जाती है नमाज़ के बाद भी इसकी तासीर और असर बना रहता है। यह बात अवलोकन से सिद्ध भी होती है कि जो नमाज़ें अदा करता है वह नमाज़ न अदा करने वाले व्यक्ति की तुलना में कई पापों से सुरक्षित रहता है। पवित्र क़ुरआन की सूरह मुदस्सर की पंक्ति क्र 37 से 47 तक बताया गया है कि "उसके लिए तुममें से, जो चाहे (आज्ञा पालन द्वारा अग्रसर हो जाये, अथवा अवैज्ञा कर के पीछे रह जाये।) आगे होना अथवा पीछे रहना।



प्रत्येक प्राणी अपने कर्मों के बदले में बंधक है (यदि सत्कर्म किया तो मुक्त हो जायेगा), दाहिने वालों के सिवा, वे स्वर्गों में होंगे। वे प्रश्न करेंगे, अपराधियों से, तुम्हें क्या चीज़ ले गयी नरक में, वे कहेंगेः हम नहीं थे नमाज़ियों में से, और नहीं भोजन कराते थे निर्धन को, तथा कुरेद करते थे कुरेद करने वालों के साथ और हम झुठलाया करते थे प्रतिफल के दिन (प्रलय) को, यहाँ तक कि हमारी मौत आ गई। विचार करने योग्य बात है कि जहन्नुमी (नारकीय) स्वत: जहन्नुम में जाने का कारण बताएंगे कि हम नमाज़ी नहीं थे। नमाज़ न पड़ना सभी प्रकार की सिफ़ारिशों से वंचित रहने का एक माध्यम है। सूरह मुदस्सर की पंक्ति क्र 18 में बताया गया कि उन (नमाज़ न पड़ने वालों) को किसी प्रकार की कोई सिफ़ारिश फायदा नहीं दे सकेगी। विचारणीय पहलू है कि यह कितनी भयानक, खतरनाक सज़ा है!

विदित हो कि क़यामत के दिन आठ प्रकार की सिफ़ारिशें होंगी जिसमें इमामुल अंबिया की सिफ़ारिश, आम अंबिया व रसूलों की सिफ़ारिश, शहीद की सिफ़ारिश, मलायका की सिफ़ारिश, पवित्र क़ुरआन की सिफ़ारिश, नाबालिग बच्चे की सिफ़ारिश आदि) लेकिन बेनमाज़ी, नमाज़ें न पड़ने वाले सभी प्रकार की सिफ़ारिशों से वंचित रहेगा और नमाज़ों में विफल रहने वाला सभी इबादतों में विफल माना जाएगा।

सुनन अबू दाऊद में एक हदीस है कि अल्लाह के दूत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहू अ़लैहि वसल्लम ने कहा है कि सबसे पहले नमाज़ का हिसाब लिया जाएगा, यदि नमाज़ में सफल हो गया तो फिर अन्य इबादतें देखी जायेंगी और यदि नमाज़ में असफल हो गया तो अल्लाह सर्वशक्तिमान कहेंगे कि इसके बाकी आमाल वाले रजिस्टर भी बंद कर दो अर्थात जो नमाज़ में विफल वह सभी इबादतों में विफल। (सुनन निसाई 466) नमाज़ में सुस्ती आलस्य सद्क़े व दान स्वीकार न करने का कारण है। आसमानों और ज़मीन के रब ने सूरह तौबा की पंक्ति क्र 54 में कहा कि 'कोई कारण उनके खर्च के स्वीकार न होने का इस के सिवा नहीं कि ये अल्लाह और उसके रसूल के मुनकर हैं और बड़े आलस्य से नमाज़ को आते हैं और बुरे मन से खर्च करते हैं'।

**रेशम फातिमा, अंतर्राष्ट्रीय संबंध में मास्टर, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय**

# बाधाओं को तोड़ना: बेगम कुदसिया ऐज़ाज़ रसूल की विरासत और मुस्लिम महिलाओं का सशक्तिकरण

❍ बेगम कुदसिया ऐजाज़ रसूल की यात्रा इस कविता का सार प्रकट करती है, जहां परंपराओं का पर्दा ताकत के झंडे में बदल जाता है। वह सिर्फ एक नेता ही नहीं थीं, बल्कि ज्ञान और शक्ति की प्रतीक थीं, जिन्होंने भारत में मुस्लिम महिलाओं की भूमिका को पुनः स्थापित किया। वह भारत की ऐतिहासिक घटनाओं में प्रगति और साहस का एक उज्ज्वल प्रतीक थीं। वह मुस्लिम महिलाओं की अदम्य भावना का प्रतीक हैं जिन्होंने इस देश के भविष्य को आकार देने के लिए समाज के मानदंडों को चुनौती दी। संविधान सभा की एकमात्र मुस्लिम महिला सदस्य के रूप में, उनकी भागीदारी सशक्तिकरण के आदर्श के साथ प्रतिध्वनित होती है, जो धर्म, लिंग और वर्ग द्वारा उन पर लगाए गए अवरोधों को चुनौती देती है। उनकी कहानी आज मुस्लिम महिलाओं के लिए एक स्पष्ट आह्वान है कि वे सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रूप से भाग लें और इस देश के विकास में अपना वास्तविक स्थान प्राप्त करने का प्रयास करें। बेगम रसूल की यात्रा ऐसे समय से शुरू होती है जब महिलाएं, विशेषकर मुस्लिम महिलाएं, आम लोगों के जीवन से आमतौर पर अनुपस्थित थीं। वह पंजाब के मलिरकोटला में एक धनी परिवार से थीं और वह विशेषाधिकार और आराम का जीवन जी सकती थीं। इसके बावजूद, उन्होंने लोगों की सेवा के लिए खुद को बलिदान कर दिया। 1937 में, उन्होंने रूढ़िवादिता को चुनौती दी और संयुक्त प्रांत विधान परिषद के चुनावों में अनारक्षित सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की, जिससे वह राजनीति में मुस्लिम महिलाओं के लिए एक आदर्श बन गईं। बाद में, उन्होंने 1950 में उत्तर प्रदेश विधानसभा में विपक्ष की नेता के रूप में कार्य किया, और 1952 में राज्य सभा के सदस्य के रूप में, लाखों लोगों को प्रभावित करने वाली नीतियों को तैयार करने में प्रमुख भूमिका निभाई। उनकी सफलता मुस्लिम महिलाओं की प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए भी सकारात्मक परिवर्तनकारी प्रभाव डालने की क्षमता को दर्शाती है। बेगम रसूलन ने समाज की परंपराओं के खिलाफ लड़ाई लड़ी, जो दृढ़ता और दृढ़ संकल्प की कहानी है। 1937 में चुनाव लड़ने के लिए उन्होंने घूंघट हटा दिया और अपनी विशेषाधिकार प्राप्त परवरिश के बावजूद जमींदारी प्रथा के खिलाफ खुलकर बोले। उन्होंने लगातार प्रतिक्रियावादी सिद्धांतों को चुनौती दी तथा इस विचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी कि मुस्लिम महिलाओं को घरेलू दायरे तक ही सीमित रखा जाना चाहिए। उन्होंने मुस्लिम महिलाओं से आग्रह किया कि वे घूंघट की छाया को हटा दें और समाज में अपना सही स्थान लें। उनकी आत्मकथा, 'परदे से संसद तक', उनकी ऐतिहासिक यात्रा



को उजागर करती है, तथा यह स्पष्ट प्रमाण है कि वे महिलाओं को प्रेरित करने के लिए कृतसंकल्प थीं, जिन्होंने सामाजिक बाधाओं के खिलाफ लड़ाई लड़ी और उनसे ऊपर उठीं। संविधान सभा में उनके शब्द दर्ज हैं: "आरक्षण एक आत्मघाती हथियार है जो अल्पसंख्यकों को बहुसंख्यकों से हमेशा के लिए अलग कर देता है।" यह उनके एकीकृत भारत और धर्मनिरपेक्ष भारत के दृष्टिकोण को दर्शाता है जहां सभी राष्ट्र विश्वास और सद्भाव के साथ रहते हैं। उन्होंने मुसलमानों से अलगाववादी प्रवृत्तियों को समाप्त करने और एक समावेशी, वास्तविक लोकतांत्रिक देश के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। भारत की आजादी और देश के विकास में बेगम रसूल का योगदान राजनीति से कहीं आगे तक जाता है। वह अल्पसंख्यक आरक्षण जैसे विवादास्पद मुद्दों के खिलाफ दृढ़ता से खड़ी रहीं और सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहीं, जिन्होंने एकीकृत चुनावों की वकालत की। उनकी विचारधारा धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ क्रांतिकारी थी, क्योंकि उनका तर्क था कि मुसलमानों को विभाजन पर नहीं, बल्कि सद्भावना और एकता पर भरोसा करना चाहिए। सांप्रदायिक तनाव के समय में उनका क्रांतिकारी निर्णय भारत की एकता और अखंडता के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बेगम रसूल का जीवन मुस्लिम महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जिसमें आधुनिक भारत की कठिनाइयों को दर्शाया गया है। राजनीति में उनका नेतृत्व, महिला अधिकारों की वकालत और लगभग 20 वर्षों तक भारतीय महिला हॉकी महासंघ की अध्यक्ष के रूप में उनकी भूमिका ने उनकी विविध भागीदारी और योगदान का एक उदाहरण स्थापित किया। वर्ष 2000 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया, जो उनकी महान विरासत की याद दिलाता है। उनकी कहानी आज मुस्लिम महिलाओं के लिए एक कदम उठाने का आह्वान है। यह उनसे सार्वजनिक जीवन में भाग लेने, सामाजिक बाधाओं के खिलाफ लड़ने तथा उन रूढ़िवादिताओं से लड़ने का आग्रह करता है जो उन्हें सीमित करने का प्रयास करती हैं। चाहे राजनीति, शिक्षा, खेल या सामुदायिक कार्य में, बेगम की भावना हर उस महिला में जीवित है जो सपने देखने का साहस करती है और अपने सपनों को वास्तविकता में बदलने का प्रयास करती है। चूंकि भारत गणतंत्र दिवस मना रहा है, इसलिए बेगम कुदसिया ऐजाज़ रसूल की विरासत को याद करना समसामयिक और आवश्यक दोनों है। वह एक ऐसी महिला की शक्ति को दर्शाती हैं जिसने कुछ अलग करने का दृढ़ संकल्प किया। ऐसी दुनिया में जहाँ प्रतिनिधित्व और समानता के मुद्दों पर लड़ाई हो रही है, उनकी कहानी समावेशन के महत्व को दर्शाती है और मुस्लिम महिलाओं को इस देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाती है। उनका जीवन मुस्लिम महिलाओं की नई पीढ़ी को आगे बढ़ने, बाधाओं को तोड़ने और भारत के भविष्य को आकार देने में अपनी जगह बनाने के लिए प्रेरित कर सकता है। जैसा कि उन्होंने लिखा,"चुप मुस्लिम महिलाओं को अपनी आवाज़ ढूंढनी होगी।" ऐसा करके, वह न केवल उनकी विरासत का सम्मान करते हैं, बल्कि उनके द्वारा बनाए गए गणतंत्र के आदर्श को भी बढ़ावा देते हैं। उनकी कहानी आशा का प्रतीक है, जो मुस्लिम महिलाओं से आग्रह करती है कि वे अपने पर्दों को झण्डों में बदल दें और अपने सपनों को वास्तविकता में बदलने के लिए उठ खड़े हों।

## दुनियाभर के इन देशों में मनाई जाती है होली

❍ होली का नाम सुनते ही रंग-बिरंगे गुलाल, हंसी-मजाक, पकवानों की खुशबू और मस्ती भरा माहौल हमारी आंखों के सामने आ जाता है. ये त्योहार सिर्फ रंगों का ही नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और नई शुरुआत का प्रतीक भी है. भारत में होली को जितने जोश और उमंग के साथ मनाया जाता है, उतना ही इसका क्रेज दुनिया के कई देशों में भी देखने को मिलता है. भारत में ये त्योहार खासतौर पर उत्तर भारत, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और बंगाल में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है.लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि कई दूसरे देशों में भी होली उतने ही जोश और उल्लास के साथ मनाई जाती है? विदेशों में रहने वाले भारतीय समुदाय ने इस रंगीन पर्व को अपनी संस्कृति के साथ जोड़े रखा है और वहां के लोकल लोग भी इसे पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं. तो आइए जानते हैं कि भारत के अलावा किन-किन देशों में होली का रंग चढ़ता है और वहां ये त्योहार किस तरह मनाया जाता है. नेपाल भारत का पड़ोसी देश होने के साथ-साथ हिंदू संस्कृति से भी गहराई से जुड़ा हुआ है. यहां होली को फागु पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है और ये देशभर में धूमधाम से मनाई जाती है. काठमांडू और पोखरा जैसे बड़े शहरों में होली के दिन सड़कों पर रंगों की बौछार, संगीत और डांस का माहौल रहता है. यहां भी लोग रंग, पानी के गुब्बारे और गुलाल से एक-दूसरे को रंगते हैं.


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

❑ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है।

आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड।

महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है।

जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D

डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.


# पागल मालिनी

❑ एक मालिनी थी. उसने एक ऐसा पौधा रोपा था जो उसके जीवन का अहम हिस्सा बन गया था। मानों वह पौधा, पौधा न होकर उसी के शरीर का एक अंग था। हमेशा उसी के देख-रेख में लगी रहती थी। जब हवा के बहुत तेज झोके चलने लगते थे तो वह उसे पकड़कर बैठ जाती थी. उसे डर था कि कहीं हवा के तेज झोंके उसे तोड़कर उड़ा न ले जाएँ। कहीं कोई पशु उसे अपना ग्रास न बना ले। इस डर से उसने बाड़ लगा रखा था। रोज बाड़ में कुछ न कुछ सुधार किया करती थी। जब पानी नहीं मिलता था तो वह उसे अपनी आँसुओं से सीचती थी. खुद प्यासी रहकर पौधे को सीचा करती थी।तेज धूप में पौधा झुलस न जाये। इस डर से जेठ की दुपहरी में अपने आचल की छाया करके खड़ी रहती थी। दुआएँ माँगती रहती थी। उसका पूरा जीवन उसी पौधे को समर्पित था। वह सोचती थी कि जब यह बड़ा वृक्ष बन जायेगा तो इसकी छाया में मैं अपनी जिंदिगी हसी-खुशी गुजार दूँगी।समय गुजरते देर नहीं लगती। देखते-देखते पच्चीस वर्ष बीत गए। पौधा वृक्ष बन गया।उसकी घनी छाया हो गई। फल आने लगे। मालिनी की खुशी का ठिकाना न रहा। लेकिन कुछ समय बाद वहाँ एक ऐसी मालन आई। जिसने धीरे-धीरे वृक्ष को अपना लिया।बोली यह मेरा है। इस पर मेरा तुझसे ज्यादा अधिकार है। और मालिनी को वृक्ष की छाया से भी बंचित कर दिया। मालिनी पागल हो गई।

**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादक: इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)


CMYK

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, बुधवार, 12 मार्च 2025



# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली

## कोयला माफिओं पर प्रतिबंध लगाएं: विधायक जोरगेवार



**चंद्रपुर.**

सरकार ने कुछ निजी कोयला खदानों को लाइसेंस प्रदान किए हैं । इन खदानों में बड़े पैमाने पर खनन चल रहा है और यहां का कोयला खुले बाजार में बेचा जा रहा है, जिसके कारण कोयला माफिया सक्रिय हो गए हैं। परिणामस्वरूप असामाजिक गतिविधियां बढ़ रही हैं और कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने की संभावना बढ़ गई है। इसलिए विधायक किशोर जोरगेवार ने अधिवेशन में बोलते हुए इस स्थिति पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

चंद्रपुर जिले में कोयला खदानों का जाल व्यापक रूप से फैल रहा है। हालाँकि, अब इसके दुष्परिणाम भी सामने आने लगे हैं। इन खदानों के कारण प्रदूषण, सार्वजनिक जीवन पर प्रभाव और अपराध की समस्याएं पैदा हुई हैं। कोयला खदानों की गलत नीतियों के कारण किसानों और कृषि व्यवसाय पर भी बुरा असर पड़ रहा है। इस बारे में कई शिकायतें मिली हैं। यह पत्र किशोर जोरगेवार कार्यालय से प्राप्त हुआ। इन शिकायतों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने वेकोलि के सीएमडी से मुलाकात कर इस मुद्दे को उठाया था। हालांकि , ठोस कार्रवाई न होने पर उन्होंने मुंबई में चल रहे बजट सत्र के दौरान एक बार फिर सदन में यह मुद्दा उठाया।

बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान बोलते हुए विधायक किशोर जोरगेवार ने सदन का ध्यान चंद्रपुर कोयला खदानों से उत्पन्न समस्याओं की ओर आकर्षित किया। वेकोलि की ओर से अधिग्रहित भूमि का मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया है। इसके अलावा , शेष भूमि नहीं खरीदे जाने के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने सदन का ध्यान इस ओर भी आकर्षित किया कि वेकोलि प्रशासन की मनमानी कार्रवाई के कारण कई किसानों के रास्ते अवरुद्ध हो रहे हैं और इस संबंध में तत्काल कार्रवाई की मांग की। कोयला खदान ने वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण कर लिया है और वहां से कोयला खनन शुरू कर दिया है। मांग है कि इस प्रकार की घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए । इस बार किशोर जोरगेवार ने सत्र में बात की।

उन्होंने अधिवेशन में यह भी जोरदार मांग की कि सरकार खदान के खिलाफ चल रहे आंदोलन पर ध्यान दे और स्थानीय लोगों की मांगों को सुनकर कोई ठोस निर्णय ले। निजी कोयला खदानों के कारण कोयला माफिया सक्रिय हो गए हैं और कई जगहों पर अवैध लेन-देन हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार को इस सारी स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए तुरंत सख्त कदम उठाने चाहिए और कोयला खदानों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।

## नगर निगम ने आयोजित किये क्षय रोग उन्मूलन अभियान के तहत 634 स्वास्थ्य शिविर







> 1 लाख 23 हजार 258 नागरिकों की जांच.
> 60 नागरिक तपेदिक से संक्रमित.

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

चंद्रपुर शहर में 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक 100 दिनों की अवधि के लिए "100 दिवसीय अभियान" चलाया जा रहा है। भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय क्षय रोग विभाग की नीति के अनुसार 2025 के अंत तक देश से क्षय रोग को खत्म करने का लक्ष्य है। तदनुसार, चंद्रपुर मनपा स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 634 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए हैं और 1 लाख 23 हजार 258 नागरिकों की जांच की है।

जांच किये गये नागरिकों में से 9820 की एक्स-रे जांच की गई तथा 3749 के बलगम के नमूनों की जांच की गई, जिनमें से 60 नागरिक तपेदिक से पीड़ित पाये गये तथा उनका आगे का उपचार किया जा रहा है। टीबी उन्मूलन अभियान में झुग्गी-झोपड़ियों, ईंट भट्टा मजदूरों की बस्तियों, बीड़ी मजदूरों, खानाबदोशों और प्रवासियों के साथ-साथ खनिकों, बेघरों, जेलों, वृद्धाश्रमों और आश्रयों जैसी उच्च जोखिम वाली आबादी पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। उच्च टीबी घटना वाले क्षेत्रों का मानचित्रण किया जाता है और उच्च जोखिम वाली आबादी जैसे 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग, पिछले पांच वर्षों में टीबी के मरीज, टीबी के संपर्क में आए लोग, धूम्रपान करने वाले, मधुमेह रोगी, एचआईवी पॉजिटिव लोग आदि को लक्षित किया जाता है। प्रभावित लोगों के साथ-साथ अन्य जोखिम समूहों का भी परीक्षण किया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य टीबी रोगियों का पता लगाने की गति बढ़ाना, टीबी से होने वाली मृत्यु दर को कम करना, टीबी के प्रसार को कम करना और टीबी के नए मामलों को रोकना है। नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक विपिन पालीवाल ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समयबद्ध कार्यक्रम लागू करने के निर्देश दिए थे। इस संबंध में, नागरिक भागीदारी और क्षय रोग विभाग, चंद्रपुर के सहयोग से नगरपालिका क्षेत्र में यह अभियान प्रभावी रूप से कार्यान्वित किया जा रहा है। चंद्रपुर महानगरपालिका नागरिकों से अपील कर रही है कि यदि निम्नलिखित 10 लक्षणों (दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, रात में पसीना आना, सीने में दर्द, थकान, वजन कम होना, शरीर के किसी भाग में गांठ, हाल ही में हुए शारीरिक परिवर्तन, मल में खून आना, पुरानी बीमारी) में से कोई भी लक्षण दिखाई दे तो निकटतम महानगरपालिका स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं और अभियान को सफल बनाने के लिए घर पर जांच करने आए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ पूरा सहयोग करें। इन शिविरों को सफल बनाने के लिए चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नयना उत्तरवार के मार्गदर्शन में, डॉ. अश्विनी भारत, डॉ. जयश्री वाडे, डॉ. विजया खेरा, डॉ. योगेश्वरी गाडगे, डॉ. अरवा लाहिड़ी, डॉ. शरयू गावंडे, डॉ. नेहा वैद्य और डॉ. घोषना कोराम ने सहयोग किया।

## कूलर के झटके से बचें, सावधान रहें, गीले हाथों से कूलर को न छुएं

**चंद्रपुर.** गर्मियां शुरू होते ही घरों और दुकानदारों में कूलर का प्रयोग बढ़ जाता है। हालांकि, यदि कूलर का उपयोग करते समय आवश्यक सुरक्षा सावधानियां नहीं बरती जातीं, तो विद्युत खतरों के कारण गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। शॉर्ट सर्किट के कारण अक्सर आग लगने की घटनाएं होती रहती हैं। इसलिए महावितरण ने नागरिकों से कूलर का सुरक्षित उपयोग करने और बिजली के झटके के खतरे से खुद को बचाने की अपील की है। चलते समय गीले हाथों से कूलर को छूने या उसमें पानी भरने से बिजली का झटका लग सकता है। ऐसी घटनाएं अक्सर होती रही हैं। कूलर में पानी भरते समय बिजली की आपूर्ति पूरी तरह बंद रखें। तीन-पिन प्लग का उपयोग करें और अर्थिंग को ठीक से जांचें। विद्युत रिसाव से जोखिम बढ़ जाता है। इसलिए, अर्थिंग लीकेज सर्किट ब्रेकर (ईएलसीबी) स्थापित करें। पानी भरने के लिए प्लास्टिक



पाइप का उपयोग करें। कूलर के बॉडी को न छुएं। कूलर के तारों और स्विचों की समय-समय पर जांच करें और यदि वे खराब हो जाएं तो उन्हें तुरंत बदल दें। पिछले कुछ वर्षों में कूलर के झटके के कारण कई जानलेवा दुर्घटनाएं हुई हैं। थोड़ी सी सावधानी से जान-माल की हानि और आर्थिक नुकसान को रोका जा सकता है। यदि विद्युत उपकरणों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए और उचित सुरक्षा सावधानियों का पालन किया जाए तो कूलरों का सुरक्षित उपयोग किया जा सकता है।

**छोटे बच्चों को बिजली के खतरों से बचाएं।**

> छोटे बच्चों को कूलर के तारों, स्विच या पानी में हाथ डालने की आदत होती है, इसलिए उन्हें बिजली के खतरों से दूर रखना बहुत जरूरी है।

> बच्चों को कूलर के आसपास खेलने न दें।

> स्विच और तारों को उचित रूप से ढका जाना चाहिए।

> कूलर का उचित रखरखाव करके झटके की संभावना को कम करें।

> सुनिश्चित करें कि घर में कूलर के लिए अलग से अर्थिंग हो।

## प्रधानमंत्री आवास योजना की सब्सिडी बढ़ाई जाए: सांसद प्रतिभा धानोरकर

> बजट सत्र में प्रश्न के माध्यम से मांग।

**चंद्रपुर.**



10 मार्च से लोकसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू हो चुका है और सांसद प्रतिभा धानोरकर ने संसद में विभिन्न प्रश्न उठाकर अपने लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रही हैं।

बजट सत्र के दूसरे चरण में सांसद प्रतिभा धानोरकर ने संसद में सवाल पूछकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सब्सिडी बढ़ाने की मांग की है। सांसद धानोरकर ने केंद्र सरकार से कहा कि वर्तमान में महंगाई दर बढ़ गई है और हर वस्तु के दाम बढ़ गए हैं तथा केंद्र सरकार से मिलने वाली सब्सिडी अपर्याप्त है। सांसद धानोरकर ने आवास योजना के लिए कम से कम 5 लाख रुपये का अनुदान देने की भी मांग की है। सांसद प्रतिभा धानोरकर ने भी मांग की है कि शहरी और ग्रामीण आवास योजनाओं के तहत बिना किसी विसंगति के समान धनराशि उपलब्ध कराई जाए। इस संबंध में सरकार ने सांसद प्रतिभा धानोरकर को भेजे जवाब में कहा है कि सरकार भविष्य में इस पर विचार कर निधि में वृद्धि के संबंध में निर्णय लेगी। यदि यह निर्णय लिया जाता है तो इससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को बड़ी मात्रा में वित्तीय सहायता मिलेगी।



## विश्वासघाती बजट: पप्पू देशमुख

**चंद्रपुर.** चंद्रपुर जिले में प्रदूषण की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। बजट में कोई ठोस कार्य योजना घोषित नहीं की गई है। जिले में कई बारहमासी नदियाँ हैं। लेकिन इस नदी पर कोई बड़ी सिंचाई परियोजना नहीं है। ऐसी उम्मीद थी कि सिंचाई परियोजना की घोषणा की जाएगी, लेकिन यह पूरी नहीं हुई। सरकार ने चुनावों के दौरान राज्य में किसानों के लिए आवास और अन्य योजनाएं लाने का वादा किया था। जन विकास सेना के संस्थापक अध्यक्ष पप्पू देशमुख ने पेश बजट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि, सरकार ने अपनी प्यारी बहनों को प्रति माह इक्कीस सौ रुपये देने का वादा किया था। लेकिन सरकार ने धोखा दिया।

## राज्य को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने वाला बजट : हेमंत पाटिल

> विदेशी निवेश से विकास को बढ़ावा मिलेगा

**चंद्रपुर.**



महाराष्ट्र निवेश के लिए उपयुक्त है और इस वर्ष राज्य में बड़ी मात्रा में घरेलू और विदेशी निवेश हुआ है। राज्य ने औद्योगिक विकास में लंबी छलांग लगाई है। दिलचस्प बात यह है कि हाल ही में दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच में राज्य ने कुल 63 कंपनियों के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करके बड़ी मात्रा में विदेशी निवेश आकर्षित किया है। इंडिया अगेंस्ट करप्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और ओबीसी नेता हेमंत पाटिल ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा सोमवार को पेश किया गया बजट राज्य में आर्थिक समृद्धि लाएगा। सरकार ने बताया कि आने वाले समय में राज्य में 15 लाख 72 हजार करोड़ से अधिक का निवेश होगा। पाटिल ने विश्वास व्यक्त किया कि इस निवेश से बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध होंगे। राज्य द्वारा घोषित लॉजिस्टिक्स नीति 10,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में समर्पित लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे का विकास करेगी। पाटिल ने कहा कि इससे पांच लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे जो राज्य के विकास के लिए भी काफी महत्वपूर्ण है।

सरकार ने बजट के माध्यम से किसानों के लिए योजनाओं की बौछार कर दी है। पाटिल ने कहा कि सरकार उन तालुकाओं में 'एक तालुका-एक बाजार समिति' योजना लागू करेगी जहां बाजार समितियां मौजूद नहीं हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसानों को उनकी कृषि उपज का उचित मूल्य मिले, जिससे किसानों को सीधा लाभ होगा। सरकार ने समृद्धि राजमार्ग के किनारे कृषि-लॉजिस्टिक्स केंद्र विकसित करने की घोषणा की है। इस स्थान पर कोल्ड स्टोरेज, ग्रेडिंग, पैकिंग और निर्यात हैंडलिंग केंद्र उपलब्ध कराए जाएंगे। पाटिल ने विश्वास व्यक्त किया कि अन्नदाताओं की वित्तीय स्थिति में सुधार होगा क्योंकि इससे विदर्भ और मराठवाड़ा के किसानों को लाभ होगा। आम आदमी को अच्छे आवास उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी में वृद्धि की गई है। पाटिल ने कहा कि आम आदमी को राहत मिली है कि राज्य द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दी जाने वाली सब्सिडी में 50,000 रुपये की वृद्धि की गई है।




CMYK

# चैम्पियंस ट्रॉफी जीतकर टीम इंडिया की घर वापसी

## मुंबई एयरपोर्ट पर रोहित शर्मा का जोरदार स्वागत




**मुंबई.**

भारतीय क्रिकेट टीम ने दुबई में खेले गए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। 9 मार्च को खेले गए फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर तीसरी बार यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम की। खिताबी जीत के बाद भारतीय खिलाड़ी अलग-अलग शहरों में अपने घर पहुंचे, जहां फैंस ने उनका जबरदस्त स्वागत किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सोमवार को मुंबई लौटे। जैसे ही वह छत्रपति शिवाजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, वहां मौजूद फैंस ने जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। ब्लैक टी-शर्ट, ब्लू कैप और ब्लू जींस पहने हुए रोहित ने फैंस का अभिवादन स्वीकार किया। मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा 'आला रे...' एक अन्य वीडियो में रोहित अपनी बेटी समायरा को गोद में लिए नजर आए, जबकि उनकी पत्नी रितिका सजदेह उनके पीछे चल रही थीं। एयरपोर्ट पर मौजूद सुरक्षा बलों को उन्हें एस्कॉर्ट करके बाहर ले जाना पड़ा। इसके बाद रोहित अपनी रेंज रोवर कार खुद ड्राइव कर मुंबई के वर्ली स्थित घर पहुंचे। भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी मुंबई लौटे, जहां फैंस ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाकर उनका स्वागत किया।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी मुंबई पहुंचे। उनके स्वागत के लिए भी कई प्रशंसक एयरपोर्ट पर मौजूद थे। भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। उन्होंने मीडिया को देख मुस्कराकर अभिवादन किया, लेकिन किसी से बातचीत किए बिना सीधे निकल गए। भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा भी दिल्ली पहुंचे। उन्होंने इस टूर्नामेंट में दो मैच खेले और बांग्लादेश के खिलाफ 3 विकेट और पाकिस्तान के खिलाफ 1 विकेट लिया। भारत के खिताब जीतने पर उन्होंने कहा, "यह शानदार अनुभव था। टीम के लिए योगदान देना गर्व की बात है।" भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल दुबई से अहमदाबाद पहुंचे। एयरपोर्ट पर उन्होंने प्रशंसकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। टूर्नामेंट में नंबर 5 पर खेलते हुए अक्षर ने बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन किया। रवींद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती चेन्नई पहुंचे।

जडेजा अब आईपीएल 2025 की तैयारियों में जुटने वाले हैं और चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़ चुके हैं। भाजपा विधायक और भारतीय क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जडेजा ने भारत की जीत पर खुशी जाहिर की। अहमदाबाद एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, "यह भारत के लोगों की इच्छाओं और प्रार्थनाओं का परिणाम है। हमारी टीम पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रही। सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और उम्मीद है कि भविष्य में भी यह सिलसिला जारी रहेगा।"



### भारत ने तीसरी बार जीती चैंपियंस ट्रॉफी

भारतीय टीम ने 2013 और 2002 के बाद तीसरी बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता। फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया और टूर्नामेंट में पूरे समय अजेय रहा। इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है और फैंस को उम्मीद है कि भारतीय टीम इसी तरह आगे भी शानदार प्रदर्शन करती रहेगी।

# क्या हिटमैन खेलेंगे 2027 का वर्ल्ड कप?

इस सवाल ने रोहित शर्मा का पीछा घर लौटने के बाद भी नहीं छोड़ा। खिताबी जीत के बाद जब रोहित शर्मा ट्रॉफी के साथ देश लौटे, तब उनसे ये सवाल थोड़ा घुमाकर पूछा गया। इस बार रोहित शर्मा से पूछा गया कि क्या वह 2027 में खेले जाने वाले क्रिकेट वर्ल्ड कप में हिस्सा लेंगे? रोहित शर्मा ने कहा, "देखिए, मैं देखना चाहता हूं कि मैं कितना अच्छा खेल पाता हूं, फिलहाल मैं अच्छा खेल रहा है और इस टीम के लिए जो भी कुछ कर रहा हूं, उसमें मुझे मजा आ रहा है। मेरे होने से टीम को भी अच्छा लग रहा है, जो कि अच्छी बात है। मैं 2027 को लेकर कुछ नहीं सोच रहा क्योंकि वह बहुत दूर है, लेकिन मैंने अपने सभी रास्ते खुले रखे हैं।"



**मुंबई.** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के शुरुआत से पहले से ये कयास लगाए जाने लगे थे कि रोहित शर्मा इस इवेंट के बाद संन्यास ले लेंगे। हालांकि इन सब की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में मिली 3-0 से हार के बाद शुरू हुई। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मिली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में हार के बाद रोहित शर्मा से संन्यास की मांग और बढ़ गई। हालांकि वनडे क्रिकेट में 3-3 दोहरा शतकीय पारी खेलने वाले रोहित शर्मा ने इसका जवाब काफी आराम से दिया और पाकिस्तान की मेजबानी में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब दिलाकर आलोचकों की बोलती बंद कर दी। हालांकि ये सवाल बंद नहीं हुए और जब रोहित शर्मा खिताब जीतकर देश लौटे तब भी उनसे इस तरह के सवाल पूछे गए। चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल से पहले ये अटकलें लगाई जा रही थीं कि फाइनल में अगर टीम इंडिया जीत जाती है तो रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली और रवींद्र जडेजा भी वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे।

दरअसल 2024 में आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद इन तीनों खिलाड़ियों ने टी20 से संन्यास ले लिया था। ऐसे में उसी घटना को ध्यान में रखते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ खिताबी मुकाबले के बाद ऐसी उम्मीद लगाई जा रही थी। हालांकि हुआ कुछ नहीं। खिताबी मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को रोमांचक मुकाबले में 4 विकेट से हराकर खिताब जीता। पूरे टूर्नामेंट में रनों के लिए तरसने वाले रोहित शर्मा ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और टीम इंडिया की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई।

# केएल राहुल ने ठुकराया कप्तानी का ऑफर



**मुंबई.** चैंपियंस ट्रॉफी से लौटते ही केएल राहुल ने कप्तानी को लेकर एक बड़ा फैसला किया है. राहुल का ये फैसला आईपीएल कप्तानी से जुड़ा है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राहुल ने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए कप्तानी करने का ऑफर ठुकरा दिया है. रिपोर्ट में कहा गया कि दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने राहुल के सामने कप्तानी करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे मानने से उन्होंने इनकार कर दिया. केएल राहुल ने कप्तानी का प्रस्ताव ठुकराते हुए कहा कि वो ज्यादा से ज्यादा बतौर खिलाड़ी टीम के लिए अपना योगदान देना चाहते हैं. केएल राहुल के कप्तानी से इनकार करने के बाद अब ऐसे कयास लग रहे हैं कि अक्षर पटेल दिल्ली फ्रेंचाइजी की कमान संभाल सकते हैं. क्योंकि, कप्तानी को लेकर असली जद्दोजहद इन्हीं दो नामों के बीच थी. दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में 14 करोड़ रुपये की बोली लगाकर खरीदा था. चूंकि राहुल के पास आईपीएल में पहले कप्तानी करने का अनुभव रहा है. 2020-21 में वो पंजाब किंग्स और 2022 से 2024 तक वो लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान रहे थे. ऐसे में जब वो दिल्ली से जुड़े तो कप्तानी की रेस में उनका नाम सबसे आगे चला.


# पंत ने खोल दिया सबसे बड़ा राज

## बताया क्यों शॉट खेलते वक्त एक हाथ से छूट जाता है बल्ला

**मुंबई.**

स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा थे. हालांकि, उन्हें किसी भी मैच में अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली. पर अह वह अपने एक बयान की वजह से चर्चा में आ गए हैं. आपने अक्सर देखा होगा जब ऋषभ पंत बड़े शॉट्स खेलते हैं तो उनके एक हाथ से बल्ला छूट जाता है. अब विकेटकीपर बल्लेबाज ने खुद इसका कारण बताया है.

ऋषभ पंत ने यह भी कहा कि अब लोग आईपीएल में खेलने के बारे में ज्यादा सोचते हैं. उनका कहना है कि युवाओं को देश के लिए खेलने के बारे में पहले सोचना चाहिए. ऋषभ पंत ने जियोहॉटस्टार से कहा, "बचपन से मेरा एक ही सपना था. भारत की तरफ से खेलना. मैंने कभी आईपीएल में खेलने के बारे में नहीं सोचा. मुझे लगता है कि लोग आज आईपीएल पर अधिक ध्यान दे रहे हैं. निश्चित तौर पर यह बहुत बड़ा मंच है, लेकिन मेरा मानना है कि अगर आपका लक्ष्य देश की तरफ से खेलना है तो चीजें अनुकूल होती जाएंगी और इनमें आईपीएल भी शामिल है."




पंत को अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है और उनका ट्रेडमार्क शॉट एक हाथ से छक्का लगाना है. ऐसा करने में अक्सर बल्ला उनके हाथ से छूट जाता है. पंत ने बताया कि ऐसा क्यों होता है. उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि अक्सर ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि मेरे निचले हाथ की ग्रिप ढीली होती है. मैं अपने निचले हाथ का उपयोग सिर्फ थोड़ा मदद के लिए करता हूं, लेकिन कभी-कभी यह हावी हो जाता है. इसलिए मैं अपने ऊपरी हाथ की ग्रिप को कसकर रखता हूं."

पंत ने आगे कहा कि जब गेंद बहुत अधिक बाहर या शॉर्ट पिच हो तो शॉट लगाना आसान नहीं होता है. इस तरह के शॉट खेलने में सफलता की दर 30 या 40 प्रतिशत हो सकती है, लेकिन मैच की परिस्थितियों को देखते हुए मैं यह जोखिम लेने के लिए तैयार रहता हूं. मेरी मानसिकता इसी तरह की है.

# आईपीएल: नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स के बीच पहला धमाकेदार मैच

## आईपीएल के इतिहास में 17 साल बाद दूसरी बार होगा ऐसा

**नई दिल्ली.**




आईपीएल 2025 का आगाज 22 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच होने वाले मुकाबले से होगा। दोनों टीमों के बीच यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा। लेकिन क्या आपको पता है कि आईपीएल के पहले सीजन का आगाज भी केकेआर और आरसीबी के मुकाबले से हुआ था। यानी इन दोनों टीमों के बीच खेले गए मुकाबले से ही आईपीएल की आधारशिला रखी गई थी।

वैसे यह जानकार आपको हैरानी होगी कि आईपीएल इतिहास में यह दूसरी बार है, जब दोनों टीमें ओपनिंग मुकाबले में आमने-सामने होंगी। दूसरे शब्दों में कहें तो आईपीएल 2008 के 17 साल बाद दोनों टीमें ओपनिंग मुकाबले भिड़ेंगी। आईपीएल के पहले सीजन में जब कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच भिड़ंत बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई थी, तब उस वक्त इस लीग की सफलता की उम्मीद शायद ही किसी को रही होगी।




आईपीएल 2008 में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम की कमान सौरव गांगुली के हाथों में थी, जबकि राहुल द्रविड़ ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम की कमान संभाली थी। आईपीएल के पहले सीजन के शुरुआती मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया था।

ब्रैंडन मैकुलम के तूफानी शतक से पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स ने 3 विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाया था। ब्रैंडन मैकुलम ने 73 गेंद में 10 चौके और 13 छक्के संग ताबड़तोड़ 158 रन बनाकर नाबाद रहे थे। वहीं, जवाब में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पूरी टीम 15.1 ओवर में 82 रन पर ढेर हो गई थी। प्रवीण कुमार के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े (नाबाद 18 रन) को नहीं छू सका था। कोलकाता नाइट राइडर्स ने यह मुकाबला 140 रन से जीता था।

# आईपीएल 2025 के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे खिलाड़ी

## हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह का भी नाम



**मुंबई.** इंडियन प्रीमियर लीग का रोमांच अब से कुछ ही दिन बाद शुरू होने वाला है। 22 मार्च से इसका आगाज होगा। टीमों की तैयारी तो चल ही रही है, लेकिन इसके साथ ही टेंशन भी बढ़ी हुई है। कुछ खिलाड़ी आईपीएल के शुरुआती कुछ मैच मिस कर सकते हैं। खास बात ये है कि इसमें मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह का भी नाम शामिल है। हालांकि पहले कुछ मैचों के बाद ये खिलाड़ी वापसी करते हुए नजर आ सकते हैं। मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल 2025 में अपना पहला मुकाबला दूसरे दिन यानी 23 मार्च को खेलेगी। इस दिन शाम को साढ़े सात बजे से चेन्नई में सीएसके और मुंबई इंडियंस का मुकाबला होगा। लेकिन इस मैच में टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या नहीं होंगे। आईपीएल 2024 में जब मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मैच खेला गया था, तब एमआई की टीम स्लो ओवर रेट की दोषी पाई गई थी। इसका नतीजा ये हुआ कि कप्तान हार्दिक पांड्या को एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया। चुंकि ये मुंबई इंडियंस का आखिरी मैच था, इसलिए ये सजा अब इस सीजन के पहले मैच में दी जाएगी। यानी वे पहला मैच जो चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ खेला जाएगा, उसमें नजर नहीं आएंगे। अब देखना ये होगा कि इस मैच में टीम की कमान कौन संभालता है। इसके लिए सूर्यकुमार यादव प्रबल दावेदार हैं, जो टी20 में टीम इंडिया की भी कप्तानी करते हैं। वहीं हो सकता है कि रोहित शर्मा को ये जिम्मेदारी दी जाए। जो इससे पहले टीम को पांच मुंबई इंडियंस की मुश्किल ये भी है कि उसका पहला ही मैच सीएसके से है, जो काफी मजबूत टीम मानी जाती है।

हार्दिक पांड्या तो इस मैच में नहीं होंगे, साथ ही जसप्रीत बुमराह के खेलने पर भी सस्पेंस है। जसप्रीत बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे। इसके बाद वे चैंपियंस ट्रॉफी भी नहीं खेल पाए। अब उनको लेकर क्या अपडेट है, कुछ पता नहीं है। हालांकि माना जा रहा है कि जसप्रीत बुमराह कम से कम एक दो सप्ताह तक अपनी टीम से नहीं जुड़ पाएंगे। यानी मुंबई के लिए दिक्कत ज्यादा है। इसके अलावा लखनऊ सुपर जायंट्स भी एक टीम है, जो दिक्कत में है। टीम के स्पीड स्टार मयंक यादव को लेकर खबर आ रही है कि वे भी पहले कुछ मैच मिस कर सकते हैं। एलएसजी की टीम ने उन्हें 11 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। लेकिन मयंक यादव अपनी चोट और फिटनेस से लगातार जूझते रहे हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम अपना पहला मैच 24 मार्च यानी सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलेगी, ये मैच विशाखापत्तनम में होना है। मयंक यादव की कमर में चोट है और वे इस वक्त तेजी से ठीक हो रहे हैं, लेकिन उनकी वापसी कब तक होगी, ये कहना मुश्किल है। इसके बाद अगर बाकी खिलाड़ियों की बात करें तो उसमें मिचेल मार्श का नाम आता है। उन्हें एलएसजी ने अपने पाले में शामिल किया है, लेकिन उनकी पीठ में कुछ दिक्कत है, इसलिए वे अपनी टीम के लिए चैंपियंस ट्रॉफी भी नहीं खेल पाए थे। उनकी वापसी को लेकर भी अभी तस्वीर साफ नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड को इस बार आरसीबी ने अपनी टीम में शामिल किया है। लेकिन वे भी चोट के कारण अपनी टीम से बाहर हैं। उनकी वापसी कब तक होगी, कहना मुश्किल है। लेकिन इतना तो तय माना जा रहा है कि वे अपनी टीम के लिए शुरुआती कुछ मैच आईपीएल में जरूर मिस करेंगे।

# खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई का निलंबन वापस लिया



**मुंबई.**

खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगाया गया निलंबन हटा दिया है. इसके साथ ही खेल में कई महीनों से बनी अनिश्चितता समाप्त हो गई है. विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन का रास्ता भी साफ हो गया है, जिनमें अम्मान में होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप के लिए चयन ट्रायल भी शामिल है. मंत्रालय ने संचालन संबंधी गतिविधियों में खामियों के कारण 24 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था.

नई संस्था का गठन इससे तीन दिन पहले 21 दिसंबर को हुआ था. संजय सिंह के नेतृत्व वाली नई संस्था ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के गढ़ नंदिनी नगर, गोंडा में अंडर -15 और अंडर -20 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप आयोजित करने की घोषणा की थी जिससे सरकार नाराज थी क्योंकि पूर्व भाजपा सांसद यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे थे. मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि डब्ल्यूएफआई ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं और इसलिए खेल और खिलाड़ियों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने निलंबन हटाने का फैसला किया है. संजय सिंह ने पीटीआई से कहा, 'मैं इस फैसले के लिए मंत्रालय का आभार व्यक्त करता हूं. अब हम सुचारू रूप से काम कर सकेंगे. खेल के लिए यह बेहद जरूरी था. खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाने के कारण परेशान थे.'

# नेट्स में बड़े शॉट्स मारने की वजह से नाराज होते थे कोच: ऋषभ



**नई दिल्ली.** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को अलग तरह की खेल शैली और आसानी से छक्के मारने के कौशल के लिए पूरी दुनिया में सराहा जाता है। वह हाल ही में टीम इंडिया के साथ चैंपियंस ट्रॉफी लेकर देश लौटे हैं और दुनियाभर की बधाइयां बटोर रहे हैं। पंत टीम इंडिया की उस टीम का भी हिस्सा थे, जहां भारत ने साउथ अफ्रीका को फाइनल में हराकर 8 महीने पहले ही टी20 वर्ल्डकप का खिताब जीता था। हालांकि केएल राहुल के होने की बदौलत उन्हें चैंपियस ट्रॉफी के दौरान सभी मैचों में बेंच पर बैठना पड़ा। देश लौटते ही पंत ने बड़ा खुलासा किया है और बताया है कि कैसे उनकी डिफेंस को मजबूत किया गया। पंत भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, उन्हें भारत की खिताब जीतने वाली चैंपियंस ट्रॉफी अभियान में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला क्योंकि केएल राहुल को उनके आगे चुना गया था। अपने क्रिकेट के सफर का एक किस्सा साझा करते हुए, पंत ने बताया कि उनके कोच नेट्स में उनकी आक्रामक बल्लेबाजी शैली पर कैसे प्रतिक्रिया देते थे। पंत ने कहा, "जब मैंने रुड़की से आने के बाद खेलना शुरू किया, तो मैंने ज़्यादातर लॉफ़्टेड शॉट खेले। मैं मैदान के साथ खेलने के बारे में नहीं सोचता था क्योंकि मैं पारी की शुरुआत करता था। मेरे पिता हमेशा कहते थे कि अपने आयु वर्ग के खिलाफ खेलना सामान्य है, लेकिन अगर आप क्रिकेट में सुधार करना चाहते हैं.

# प्रेम और शाही की शादी के बंदन में बंधे



☐ टीवी सीरियल अनुपमा में प्रेम और शाही की शादी के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला. शो के बीते एपिसोड में देखने को मिला था कि अनुपमा ने कोठारी परिवार के सामने गौतम का पर्दाफाश कर दिया लेकिन इस दौरान गौतम ने पूरी बाजी पलट डाली और आंसू बहाकर अनुपमा को झूठा घोषित कर दिया और आखिरकार राही के खातिर वह सबके सामने गौतम से माफी मांगेगी. बॉलीवुडलाइफ की इस रिपोर्ट में जानें 'अनुपमा' के अपकमिंग एपिसोड में क्या नया धमाका देखने को मिलने वाला है. अनुपमा के अपकमिंग एपिसोड में देखने को मिलेगा कि इतने ड्रामे के बीच आखिरकार प्रेम और राही की शादी की रस्म शुरू हो जाएगी और वह दोनों सात फेर लेंगे.

इस दौरान अनुपमा और मोटी बा मिलकर प्रेम और राही को हर एक फेरे का मतलब समझाएंगी और फिर बारी आएगी मांग की सिंदूर भरने की. जैसे ही प्रेम राही की मांग में सिंदूर भरेगा तो उसकी आंखों में आंसू झलक जाएंगे तो वहीं अनुपमा भी इमोशनल हो जाएगी. इसके बाद सब मिलकर प्रेम और राही को आशीर्वाद देंगे. राजन शाही के शो 'अनुपमा' के अपकमिंग एपिसोड में देखने को मिलेगा कि राही की विदाई से पहले हर कोई इमोशनल हो जाएगा तो वहीं अनुपमा राही को परिवार को संभालने और जोड़े रखने की शिक्षा देगी. शो के अपकमिंग एपिसोड में देखने को मिलेगा कि अनुपमा को देखकर हर कोई इमोशनल हो जाएगा.

तो वहीं राही की बहनें बिना किसी मांग के प्रेम को उसके जूते वापस कर देंगी और कहेंगी कि हमें कुछ और नहीं चाहिए बस हम चाहते हैं कि आप राही का ख्याल रखिए. हालांकि इस दौरान वसुंधरा नेग दोनों को नेग दे देगी, इसके बाद वसुंधरा राही की विदाई की बात कहेगी और अनुपमा अपने हाथों में अनुज का फोटो लेकर खड़ी होगी, उसकी आंखों से टप टप आंसू बहने लगेंगे. विदाई से पहले शुभ आसन को लेकर वसुंधरा अनुपमा को खूब ताने मारेगी और यहीं पर एपिसोड खत्म हो जाएगा.




# बॉक्स ऑफिस पर 'छावा' का राज



☐ विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' ने तो बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी है। फिल्म में विक्की के साथ ही रश्मिका मंदाना, अक्षय खन्ना और आशुतोष राणा की एक्टिंग ने फिल्म में जान डाल दी है। फिल्म लोगों को इतनी पसंद आ रही है कि 23वें दिन भी फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर जलवा जारी है। 1- पहला दिन-31 करोड़ रुपये, 2- दूसरा दिन- 37 करोड़ रुपये, 3- तीसरा दिन- 48.5 करोड़ रुपये, 4- चौथा दिन- 24 करोड़ रुपये, 5- पांचवें दिन- 25.25 करोड़ रुपये, 6- छठा दिन- 32 करोड़ रुपये, 7- सातवां दिन- 21.5 करोड़ रुपये, 8- आठवां दिन- 23.5 करोड़ रुपये, 9- नवां दिन- 44 करोड़ रुपये, 10- दसवां दिन- 40 करोड़ रुपये, 11- ग्यारहवां दिन- 18 करोड़ रुपये, 12- बारहवां दिन- 18.5 करोड़ रुपये, 13- तेरहवां दिन- 23 करोड़ रुपये, 14- चौदहवां दिन- 13.25 करोड़ रुपये, 15- पंद्रहवां दिन- 13 करोड़ रुपये, 16- सोलहवां दिन- 22 करोड़ रुपये,17- सत्रहवां दिन- 24.25 करोड़ रुपये, 18- अठारहवां दिन- 7.75 करोड़ रुपये, 19- उन्नीसवां दिन- 5.4 करोड़ रुपये, 20- बीसवां दिन- 6.15 करोड़ रुपये, 21- इक्कीसवां दिन- 5.5 करोड़ रुपये, 22- बाईसवां दिन- 8.75 करोड़ रुपये. बता दें कि विक्की कौशल की फिल्म 14 फरवरी को रिलीज हुई थी। वैसे तो विक्की कौशल की फिल्म छावा पहले दिन से ही ताबड़तोड़ कलेक्शन कर रही है। फिल्म को रिलीज हुए 23 दिन हो चुके हैं और 23वें दिन भी फिल्म की कमाई की रफ्तार कम नहीं हुई है। फिल्म ने 23वें दिन 16.5 करोड़ रुपये का तबड़ा कलेक्शन किया है। फिल्म के टोटल कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने अभी तक 508.8 करोड़ रुपये की कमाई की है। विक्की कौशल की फिल्म जिस हिसाब से भाग रही है उसे देखकर लगता है कि फिल्म कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ सकती है। बता दें कि इस लिस्ट में सिनी देओल की फिल्म गदर होगी जिसने साल 2023 में 525.7 करोड़ का रिकॉर्ड तोड़ा था। वहीं शाहरुख खान की फिल्म पठान ने साल 2023 में 543.09 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था, अब लगता है कि फिल्म जल्द ही इन दिनों फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ सकती है।

## टप्पू ने सोनू के साथ भागकर कर ली शादी



☐ गोकुलधाम सोसाइटी में बड़ा बवाल मच गया है. भिड़े, माधवी, जेठालाल, बापूजी और तारक टप्पू के झूठ का पता लगाने के बाद सीधा उस फूलवाले के पास पहुंचे, जहां से वरमाला खरीदी गई थी, लेकिन वहां जो सच सामने आया, उसने सभी के पैरों तले जमीन खिसका दी. फूलवाले ने बताया कि टप्पू और सोनू एक-दूसरे से शादी करने की प्लानिंग बना रहे थे. यह सुनते ही भिड़े और माधवी घबरा गए, वहीं जेठालाल और बापूजी भी हैरान रह गए. बिना समय गंवाए, सभी सीधा मंदिर की ओर दौड़ पड़े ताकि समय रहते इस शादी को रोका जा सके. मंदिर पहुंचते ही सबने देखा कि टप्पू और सोनू वहां पहले से मौजूद थे. इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, टप्पू ने बिना किसी हिचकिचाहट के सोनू के गले में वरमाला डाल दी और ऐलान कर दिया कि अब वे शादीशुदा हैं. भिड़े और माधवी के चेहरे पर गुस्से और सदमे के एक्सप्रेशन थे. दूसरी ओर, जेठालाल और बापूजी के लिए भी यह झटका किसी विस्फोट से कम नहीं था. क्या वे इस शादी को स्वीकार करेंगे, या फिर कोई नया मोड़ आने वाला है? अब सबसे बड़ा सवाल यही है, कि यह सब सच में हुआ है, या फिर यह सिर्फ किसी का डरावना सपना है. गोकुलधाम के लोग इस शादी को कैसे लेंगे? जानने के लिए देखिए शो का नया अपडेट.

# क्या राधिका को अनंत अंबानी ने मारा तमाचा ?

> गाल पर निशान देख लोग कर रहे हैं ऐसी-ऐसी बातें!



☐ अनंत अंबानी से शादी के फंक्शन के दौरान राधिका मर्चेंट इस कदर वायरल हुईं कि लोग आज भी उनकी तस्वीरों के दीवाने हैं। अक्सर देखा जाता है कि अंबानी परिवार के साथ या किसी फंक्शन का हिस्सा बनती रहती हैं। इस वक्त उनका एक वीडियो सामने आया है जो कि कई सवाल खड़े कर रहा है। शादी के महज कुछ महीनों के अंदर ही ऐसा क्या हुआ है जो कि राधिका मर्चेंट के चेहरे पर निशान दिख रहे हैं। जी हां, राधिका का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वो कहीं जाते दिख रही हैं और उनके गालों पर निशान साफ नजर आ रहे हैं। लोगों ने इन निशानों को देखकर कई तरह की बातें करना शुरु कर दिया है। कोई किसी तरह के कयास लगा रहा है तो कोई इसको नॉर्मल मान रहा है। इस वायरल हो रहे वीडियो को indiaforums ने इंस्टग्राम पेज पर साझा किया है। राधिका मर्चेंट को सफेद रंग के कपड़ों में देखा जा सकता है। राधिका कहीं जा रही हैं और किसी ने काफी क्लोज होकर वीडियो शूट किया है। लाल सर्कल में राधिका मर्चेंट के चेहरे का निशान साफ साफ समझ आ रहा है।


हालांकि उनके चेहरे को क्या हुआ ये तो पता नहीं चल पाया है। शादी के महज कुछ ही महीनों के अंदर इस तरह से राधिका को देखकर कुछ लोगों ने फालतू बातें भी करना शुरु कर दी हैं। कोई इसको घरेलू हिंसा कह रहा है तो किसी का कहना है ये इचिंग हुई है। राधिका मर्चेंट के चेहरे को देखकर लोगों की अपनी अपनी राय सामने आ रहा है। एक यूजर ने लिखा, ''महाकुंभ में डुबकी के प्रभाव।'' एक ने लिखा, ''लगता है अनंत अंबानी ने हाथ उठाया।'' एक ने लिखा, ''स्किन एलर्जी लग रही है।'' एक ने लिखा, ''मोटे ने मारा होगा।'' एक ने लिखा, ''कोई सर्जरी या परफ्यूम या कॉस्मेटिक्स का रिएक्शन भी हो सकता है, लेकिन उसने लड़ाई नहीं की।'' एक ने लिखा, ''गर्मी के दाने कुंभ में चले गए।'' इस तरह से लोगों के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। हालांकि राधिका ने इसपर कोई बात नहीं की है।

## अपोलीना की एक्ट्रेस अदिति पर पार्टनर ने लगाए संगीन आरोप



☐ अपोलीना और खतरों के खिलाड़ी जैसे शोज का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस अदिति शर्मा विवादों से घिरती नजर आ रही हैं। हाल ही में उनके पार्टनर अभिनीत कौशिक ने उन पर संगीन आरोप लगाए हैं। आरोप हैं कि एक्ट्रेस ने दबाव बनाकर उनसे 4 महीने पहले सीक्रेट शादी की। एक्ट्रेस नहीं चाहती थीं कि शादी की बात बाहर आए, ऐसे में वो पति को दुनिया के सामने अपना मैनेजर बनाकर रखती थीं। जब अभिनीत ने उन्हें दूसरे शख्स के साथ रंगे हाथ पकड़ा तो वो अब 4 महीने बाद एक्ट्रेस तलाक की मांग करते हुए 25 लाख रुपए की डिमांड कर रही हैं। इस मामले में अभिनीत कौशिक ने पुलिस से भी मदद मांगी थी। अदिति के परिवार ने उनके साथ मारपीट भी की थी। हाल ही में अभिनीत कौशिक के लीगल एडवाइजर राकेश शेट्टी ने इंडिया फोरम को दिए इंटरव्यू में कहा है, अभिनीत और अदिति ने 12 नवंबर 2024 को सीक्रेट शादी की थी। अदिति के कहने पर इसे सीक्रेट रखा गया था। उन्होंने गोरेगांव स्थित घर में शादी की और फिर 5बीएचके अपार्टमेंट किराए पर लेकर साथ रहने लगे। वो बीते 4 सालों से लिव-इन रिलेशनशिप में थे।

# कार्तिक ने सिखाया कैटरीना को डांस





☐ बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन अपने खास अंदाज और अपनी एक्टिंग से फैन्स का दिल जीत लेते हैं। हाल ही में कार्तिक आर्यन को IIFA 2025 अवॉर्ड फंक्शन में देखा गया। इस दौरान कार्तिक आर्यन शो होस्ट करते भी नजर आए। फिलहाल तो कार्तिक आर्यन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कार्तिक आर्यन कैटरीना कैफ को डांस सिखाते नजर आ रहे हैं। जी हां, कार्तिक आर्यन और कैटरीना कैफ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है।

इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कार्तिक आर्यन कैटरीना कैफ को अपनी फिल्म भूल भुलैया 3 के मोस्ट पॉपुलर गाने हरे राम, हरे राम, हरे कृष्णा, हरे राम गाने के डांस स्टेप्स सिखाते नजर आ रहे हैं। वहीं कैटरीना कैफ भी बिना देर किए इस स्टेप्स को झटपट कॉपी कर लेती हैं। कैटरीना का अंदाज और स्टाइल देख फैन्स तो फिदा ही हो गए है। सोशल मीडिया पर कार्तिक और कैटरीना का यह वीडियो छा गया है। इस वीडियो पर यूजर्स के जमकर रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं। कैट और कार्तिक का डांस देख एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा- भूल भुलैया 4 में कैट होगी क्या। वहीं दूसरे ने लिखा- हां अब थीम को बदलना चाहिए इस बार नई मंजुलिका आनी चाहिए। वहीं तीसरे यूजर ने लिखा- जब आईफा हुआ था इंदौर में तब कैटरीना भी आई थी और अभी भी आईफा है, लेकिन इस बार कैट शादीशुदा है। बता दें कि कैटरीना और कार्तिक के इस वीडियो पर लोगों के जमकर रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं।

# कोरियन सिंगर वीसुंग का 43 साल में निधन



☐ 10 मार्च दक्षिण कोरिया के गायक और गीतकार वीसंग उत्तरी सियोल स्थित उनके घर में मृत पाए गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। वीसंग 43 साल के थे। दक्षिण कोरिया की मनोरंजन खबरों की वेबसाइट 'सोम्पी' में जारी की गई खबर में बताया गया कि वीसंग के परिजनों से सूचना मिलने के बाद पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारी भारतीय समयानुसार अपराह्न 2:59 बजे गायक के घर पहुंचे थे। खबर में बताया गया कि अधिकारी गायक चोई वीसंग की मौत का कारण जानने के लिए मामले की जांच कर रहे दक्षिण कोरिया की मनोरंजन एजेंसी 'ताजोय एंटरटेनमेंट' ने भी एक बयान जारी कर वीसंग की मौत की पुष्टि की। बयान में कहा गया, ''हमें यह खबर साझा करते हुए बहुत दुख हो रहा है। 10 मार्च को हमारे प्रिय कलाकार वीसंग का निधन हो गया। उन्हें घर पर दिल का दौरा पड़ा था, जिसके बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।'' इसमें कहा गया, ''वीसंग के निधन से उनका परिवार, 'ताजोय एंटरटेनमेंट' के साथी कलाकार और सभी सदस्य गहरे दुख में है। हमें वीसंग का समर्थन करने वाले और उन्हें प्यार देने वाले प्रशंसकों को यह जानकारी देने में बहुत दुख हो रहा है। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप उनके लिए प्रार्थना करें, जिससे उनकी आत्मा को शांति मिल सके।'' वीसंग ने साल 2002 में अपने करियर की शुरुआत की थी। उनके 'इंसोम्निया', 'कैन्ट वी' और 'विथ मी' गानों को लोगों ने बहुत पसंद किया था।

# 'अवतार: फायर एंड ऐश' देखने के बाद 4 घंटे तक रोई थीं जेम्स कैमरून की पत्नी

☐ ऑस्कर विजेता फिल्म निर्माता-निर्देशक जेम्स कैमरून की अपकमिंग फिल्म 'अवतार 3' या 'अवतार: फायर एंड ऐश' इसी साल रिलीज के लिए तैयार है। जेम्स ने बताया कि जब उनकी पत्नी सूजी एमिस कैमरून ने पहली बार 'अवतार 3' के शुरुआती सीन को देखा, तो वह अपने आंसुओं को रोक नहीं पाईं और चार घंटे तक रोती रहीं। एम्पायर मैगजीन से बातचीत में कैमरून ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार अपनी पत्नी को साइंस-फिक्शन फिल्म का शुरुआती भाग दिखाया, तो वह भावुक हो गईं और खुद को रोने से नहीं रोक पाईं। वैरायटी डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने बताया, "मेरी पत्नी ने फिल्म देखी। हालांकि, मैं उसे कुछ हिस्से नहीं दिखा रहा था। लेकिन देखने के बाद वह भावुक हो गईं और चार घंटे तक रोती रहीं। वह खुद को संभालने की कोशिश करती रहीं... मगर उसके आंसू नहीं रुक रहे थे। अंत में मैंने कहा, 'हनी, सॉरी, अब हमें सो जाना चाहिए, हम इस बारे में फिर कभी बात करेंगे।" 'फायर एंड ऐश' कैमरून की 'अवतार' फ्रैंचाइजी का तीसरा भाग है। फिल्म की कहानी को निर्माताओं ने अभी सीक्रेट रखा है। हालांकि, निर्देशक ने हाल ही में खुलासा किया कि उनकी आने वाली फिल्म 'द वे ऑफ वॉटर' से लंबी होगी, जो तीन घंटे और 12 मिनट की थी।



# रिलीज से 4 दिन पहले पोस्टपोन हुई 'केसरी वीर'

☐ अभिनेता सुनील शेट्टी अभिनीत फिल्म 'केसरी वीर: लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' अब 16 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। प्रिंस धीमान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में विवेक ओबेरॉय, सूरज पंचोली और आकांक्षा शर्मा भी नजर आएंगे। फिल्म पहले 14 मार्च को रिलीज होनी थी लेकिन अब इसके रिलीज होने की तारीख में परिवर्तन किया गया है। प्रोडक्शन कंपनी 'पैनोरमा स्टूडियोज' ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस फिल्म की रिलीज की नयी तारीख को साझा किया। पोस्ट में लिखा गया, ''सोमनाथ के महान की कहानी, 'केसरी वीर' अब 16 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।'' बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर सुनील शेट्टी ने अपने करियर में कई सारी फिल्मों में काम किया है. लेकिन शायद ही आपने सुनील को किसी पीरियड ड्रामा फिल्म में देखा हो. लेकिन अब वे एक बड़ी पीरियड ड्रामा फिल्म का हिस्सा बनने जा रहे हैं. वे अपनी अपकमिंग फिल्म केसरी वीर को लेकर चर्चा में हैं. एक्टर की इस फिल्म को लेकर अब चौंकाने वाला अपडेट आया है. रिलीज के 4 दिन पहले ही इस फिल्म को पोस्टपोन कर दिया गया है. मेकर्स ने हालांकि इसके पीछे की वजह नहीं बताई है लेकिन अब ये फिल्म मार्च में रिलीज नहीं हो रही है. मेकर्स ने लिखा- केसरी वीर को मिल रहे प्यार और सम्मान से हम अभिभूत हैं. फिल्म को दुनियाभर में और बड़े पैमाने पर रिलीज करने के लिए हम इस फिल्म की रिलीज को आगे के लिए शिफ्ट कर रहे हैं. अब केसरी वीर- लेजेंड ऑफ सोमनाथ फिल्म 16 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी. इसमें सूरज पंचोली लीड रोल प्ले कर रहे हैं.